राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 197
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 12 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





**मुख्य अपडेट**
पेज 3 ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक मेट्रो को हरी झंडी
पेज 4 पति को नदी में धक्का देकर मार डाला
पेज 6 इंग्लैंड के आदिल राशिद टी20आई रैंकिंग में टॉप से सिर्फ एक


## संक्षिप्त खबरें

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका हिसार कोर्ट ने खारिज कर दी है। 9 जून को कोर्ट ने ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसके बाद उसने जमानत के लिए याचिका दायर की थी। दूसरी तरफ अब ज्योति का चाइना टूर विवादों में आ गया है। चाइना के लोगों, खासकर सोशल मीडिया ब्लॉगरों ने ज्योति को निशाने पर लिया है। ज्योति करीब 1 साल पहले चीन गई थी। इस दौरान ज्योति ने शंघाई शहर में घूमकर वीडियो शूट किए थे और अपने चैनल 'ट्रैवल विद जो' पर अपलोड किए थे।

### 78 साल के हुए लालू, तलवार से काटा केक

**पटना।** आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का आज 78वां जन्मदिन है। पूरे बिहार में अलग-अलग तरीके से आरजेडी इसे मना रही है। राबड़ी देवी के घर पर लालू यादव ने तलवार से 78 किलो का केक काटा। इस दौरान वे अपने पुराने अंदाज में नजर आए। लालू कुर्सी पर बैठे थे। उनके दोनों पैर सामने टेबल पर थे और हाथ में तलवार थी। इसके बाद लालू यादव ने अपने जन्मदिन का दूसरा केक काटा। इस दौरान उनके साथ राबड़ी देवी भी मौजूद रहीं। राबड़ी देवी ने लालू यादव को केक भी खिलाया। इससे पहले राबड़ी आवास के बाहर समर्थकों ने डांस किया।

# एसी का टेम्परेचर 20 से कम नहीं कर पाएंगे

## ग्लोबल वॉर्मिंग और बिजली की खपत रोकने के लिए सरकार नए नियम ला रही



**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में अगर आप नया एसी खरीदेंगे तो उसे 16 या 18 डिग्री पर नहीं चला सकेंगे, सिर्फ 20 से 28 डिग्री के बीच ही सेट कर पाएंगे। गर्मी के मौसम में एसी से बिजली की खपत रोकने के लिए केंद्र सरकार जल्द ही नया नियम ला रही है। सरकार का दावा है कि इससे बिजली की बचत होगी, बिल कम आएंगे और देशभर के लाखों उपभोक्ताओं के अगले तीन साल में 18,000-20,000 करोड़ रुपए की बचत होगी। पावर मिनिस्टर मनोहर लाल खट्टर ने कहा- एसी बनाने वाली कंपनियों के लिए नया नियम कूलिंग को और बेहतर बनाएगा। इससे गर्मियां बढ़ने पर बिजली की डिमांड और बिलों में होने वाली बढ़ोतरी को कम करने में मदद मिलेगी। जैसे ही नए नियम लागू होंगे, ये नियम हर सेक्टर में इस्तेमाल होने वाले एयर-कंडीशनर पर लागू होगा- चाहे वो घरों में हो या कॉमर्शियल जगहों जैसे ऑफिस, मॉल, होटल और सिनेमाघरों में, जहां अक्सर एसी को सबसे लोएस्ट सेटिंग पर चलाया जाता है।

# सोनम समेत 5 आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड

## राजा रघुवंशी की मां से गले मिलकर रोया सोनम का भाई, कहा-हमने उससे सारे रिश्ते तोड़े

**इंदौर।** मेघालय पुलिस ने राजा मर्डर केस में मंगलवार को सोनम और राज समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन्हें शिलॉन्ग लाया गया है। सभी आरोपियों को आज (11 जून) कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इनकी रिमांड मांगी। जिसके बाद कोर्ट ने सोनम समेत सभी आरोपियों को 8 दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा है। रिमांड पर लेने के बाद मेघालय पुलिस आरोपियों का आमना-सामना करा सकती है। साथ ही सीन रीक्रिएशन भी कराएगी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत मेघालय पुलिस सोनम को इंदौर भी ला सकती है। इधर, सोनम रघुवंशी के भाई गोविंद ने बुधवार को इंदौर में राजा रघुवंशी की मां उमा रघुवंशी से मुलाकात की। गोविंद राजा की मां के गले लगकर रोया और कहा कि सोनम ने गलती की, उसे सजा-ए-मौत होनी चाहिए। गोविंद ने कहा कि आरोपी राज कुशवाह और सोनम के बीच अफेयर नहीं था। वह राज को राखी बांधती थी। राजा के हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए।

11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात की। 2 जून को राजा का शव मिला। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ।



सोनम रघुवंशी (पत्नी) | राज कुशवाह | आनंद कुर्मी | विशाल चौहान | आकाश राजपूत

### शिलॉन्ग पुलिस के 3 दावे

1. शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने कहा, राज के साथी तीनों सुपारी किलर्स ने कबूला है कि सोनम 22 मई को शिलॉन्ग पहुंच गई थी। राजा को मारने का प्लान-ए इसी दिन का था। इसके लिए सोनम ने तय किया था कि वह राजा को पहाड़ पर ले जाएगी।
2. शिलॉन्ग पुलिस ने दावा किया कि तीनों किलर्स भी वहां मौजूद होंगे। इसी बीच सेल्फी लेने के बहाने वो राजा को खाई में धक्का दे देगी। लेकिन, बारिश और अंधेरा होने के कारण प्लान ए कैंसिल करना पड़ा।
3. पुलिस ने बताया कि प्लान ए के बाद प्लान बी पर काम किया। इसमें अगले दिन राजा को पहाड़ पर ले जाकर मार दिया। हत्या के बाद सभी आरोपी क्राइम सीन से 11 किमी दूर इकट्ठा हुए थे।

# पश्चिम बंगाल में दुकान खोलने को लेकर दो समुदाय भिड़े

## 5 लोग घायल, 4 उपद्रवी गिरफ्तार; दक्षिण 24 परगना में धारा 163 लगाई गई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रवींद्रनगर इलाके में बुधवार को दुकान खोलने को लेकर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान उपद्रवियों ने पुलिस थाने के बाहर पथराव किया, टायर जलाए और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया। अब तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई और गाड़ियों को आग के हवाले किया गया। घटना में 5 लोग घायल हो गए। वहीं, 1 महिला पुलिसकर्मी सहित कई पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। स्थिति संभालने के लिए कोलकाता पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा की शुरुआत मंगलवार को महेशतला इलाके में मंदिर के पास एक दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद से हुई थी, जो बुधवार को बेकाबू हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगाई गई है।

इधर, भाजपा का आरोप है कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने जानबूझकर लापरवाही बरती और उपद्रवियों को संगठित होने का मौका दिया। पार्टी ने केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है।

### कटरा-श्रीनगर वंदे भारत की सभी सीटें 10 दिन तक फुल

**श्रीनगर।** कटरा से श्रीनगर जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। अगले 10 दिनों तक की सभी सीटें बुक हो चुकी हैं। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, ट्रेन शुरू होने के पहले दिन से ही लंबी वेटिंग लिस्ट बन गई थी और अब हर दिन बुकिंग की मांग और बढ़ रही है। कटरा और श्रीनगर के बीच दो ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि ये भी कम पड़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी। कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस के टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू अपने पड़ोसी दोस्त बंता से बोला, अबे आज सुबह तेरे कुत्ते ने मेरी किताब फाड़ दी।
गप्पू- मैं उसे अभी सजा देता हूं।
पप्पू- रहने दे भाई, मैंने सजा दे दी है।
गप्पू- हैरानी से, 'कैसे?'
पप्पू- मैंने उसके कटोरे का दूध पी लिया।



## शायरी

आज के ज़माने में इतना ज्यादा,
व्याप्त हो चुका इस कदर भ्रष्टाचार।
दीपक लेकर ढूंढने पर मुश्किल से,
ही मिल पाएंगे हमको ईमानदार।

## अर्थसार




## मौसम



अधिकतम : 40 डिग्री से0
न्यूनतम : 31 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 28
सूर्यास्त गुरु : 7 : 21

# भीषण गर्मी में झुलसी दिल्ली

## पारा 45 पार, रेड अलर्ट जारी




**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी की वजह से रेड अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को विभिन्न मौसम केंद्रों पर तापमान 40.9 से 45.0 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। आर्द्रता को शामिल करने पर गर्मी का मापक हीट इंडेक्स 51.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि ये तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है, जिससे लू की स्थिति 12 जून तक जारी रहने की संभावना है। कल तक तापमान इसी सीमा में रहने की संभावना है, 13 जून से धीरे-धीरे गिरावट की उम्मीद है।


आईएमडी ने कहा कि दिल्ली और कुछ स्थानों पर लू की स्थिति देखी गई है। उन्होंने कहा कि कल तीन स्टेशनों ने लू की स्थिति की सूचना दी थी, जबकि आज केवल एक स्टेशन - आयानगर - ने ऐसी स्थिति दर्ज की। कल तक तापमान इसी सीमा में रहने की संभावना है, 13 जून से धीरे-धीरे गिरावट की उम्मीद है। आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि ये तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है, जिससे लू की स्थिति 12 जून तक जारी रहने की संभावना है। हीट इंडेक्स के 50 को पार करने पर, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि यह तापमान और सापेक्ष आर्द्रता पर निर्भर करता है। यह इन मूल्यों में बदलाव के आधार पर पूरे दिन बदलता रहता है।

### महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में तेज आंधी के चलते 2 लोगों की मौत, एक घायल

छत्रपति संभाजीनगर । महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के सिद्धार्थ गार्डन के पास बुधवार शाम तेज आंधी के चलते एंट्री गेट पर बना एक ढांचा गिर गया, जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, भगतसिंह नगर में पेड़ उखड़कर गिरने से एक महिला घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन ने बताया कि घटनास्थल पर राहत कार्य जारी है और मौसम विभाग ने आगे भी तेज हवाओं की चेतावनी दी है।

# जयपुर से पिकनिक मनाने गए 8-दोस्तों की डूबने से मौत

### एक-दूसरे को बचाने में बनास नदी में गई जान, देर रात निकले जनाजे



**टोंक।** टोंक की बनास नदी में डूबने से 8 दोस्तों की मौत हो गई है। मरने वाले सभी लोग जयपुर के रहने वाले थे।

ये पिकनिक मनाने गए थे। तीन युवक खाना बना रहे थे, ऐसे में वे बच गए।

एसपी विकास सांगवान ने बताया कि हादसा मंगलवार दोपहर 1-15 बजे सदर थाना क्षेत्र के कच्चा बांध, पुराना बनास पुलिया पर हुआ। डूबने से 8 की मौत हो गई।

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि इनमें से कुछ युवक नहाने के लिए नदी में उतरे थे और डूबने लगे। इन्हें बचाने के लिए बाकी दोस्त भी नदी में उतर गए और वे हादसे का शिकार हो गए।

#### इनकी हुई मौत

आजाद हुसैन उर्फ बल्लू (36) पुत्र इस्लामुद्दीन, निवासी लुहारों का खुर्रा, घाटगेट जयपुर, कशब खान (19) पुत्र नौशाद, निवासी राय कॉलोनी, हसनपुरा जयपुर, फरहान (18) पुत्र अशफाक, निवासी राय कॉलोनी, हसनपुरा जयपुर, नौशाद (35) पुत्र शाकिर, निवासी राय कॉलोनी, हसनपुरा जयपुर, नवाब (28) पुत्र रईस, कच्ची बस्ती, पानीपेच जयपुर, साजिद (20) पुत्र रईस, कच्ची बस्ती, पानीपेच जयपुर, रिजवान (29) पुत्र बाबू खां, ईमाम चौक, घाटगेट जयपुर , कासिम (28) पुत्र मुख्तयार अहमद, ब्राह्मणों का घेर, मेहवतों का मोहल्ला, घाटगेट जयपुर के रहने वाले थे।

# जयपुर में ट्रक-जीप भिड़े, दुल्हन सहित 5 की मौत

## दूल्हे के साथ 8 लोग घायल, एमपी से लौट रहे बारातियों के शव गाड़ियों में फंसे

जयपुर। जयपुर में ट्रक और जीप (तूफान) की टक्कर में दुल्हन सहित 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दूल्हे समेत 8 बाराती घायल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जीप के परखच्चे उड़ गए। शव बुरी तरह से गाड़ी में फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद उन्हें निकाला जा सका। हादसा बुधवार सुबह करीब 6-10 बजे रायसर (जयपुर ग्रामीण) इलाके के भटकाबास गांव के पास दौसा-मनोहरपुर हाईवे (एनएच-148) पर हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों गाड़ियां आमने-सामने से भिड़ी हैं। जीप में शहडोल से लौट रही बारात के लोग सवार थे। घायलों को निम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

रायसर थानाधिकारी रघुवीर ने बताया- हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया और अफरा-तफरी मच गई। बारातियों की जीप एमपी से मनोहरपुर की तरफ जा रही थी। घायलों के बयान लिए जा रहे हैं। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी गई।

## सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में 9 जून को हुए प्रदर्शन में सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने के आरोप में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक मैतेई ग्रुप के एक सदस्य बोइनाओ पंगेइजम (39 साल) को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। वह अरम्बाई टेंगोल का सदस्य है। बोइनाओ समेत कुछ अन्य प्रदर्शनकारी इम्फाल पश्चिम जिले में सड़क जाम खुलवाने की कोशिश कर रहे सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाकर भागे थे। मजिस्ट्रेट ने उसे आठ दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा है। इसके अलावा इम्फाल पूर्वी जिले में हिंसा के आरोप में 19 अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी।

# त्रिपुरा में लव ट्रायंगल के चलते युवक की हत्या

## 3 दिनों तक शव को आइसक्रीम फ्रीजर में छिपाए रखा; 6 आरोपी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के धलाई जिले के गंडाछेरा इलाके में बुधवार को फ्रिज से युवक का शव बरामद हुआ। युवक की हत्या 8 जून को अगरतला में की गई थी, फिर शव को यहां लाकर फ्रिज में छिपाया गया था।

पश्चिम त्रिपुरा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान 24 वर्षीय सरिफुल इस्लाम के रूप में हुई है, जो अगरतला स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि सरिफुल की हत्या लव ट्रायंगल के चलते की गई। उसका एक 20 साल की युवती से अफेयर था। वहीं, युवती का चचेरा भाई दिवाकर भी उससे प्यार करता था।

हाल ही में प्रेमी युगल के बीच झगड़ा हुआ था और वे बात नहीं कर रहे थे। इसी का फायदा उठाकर दिवाकर ने युवक को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और घर बुलाकर हत्या कर दी। दिवाकर के 3 दोस्तों ने हत्या में उसका साथ दिया।

वहीं, उसके माता-पिता शव को अगरतला से गंडाछेरा लाए और फ्रिज में छिपाया। पुलिस ने इस मामले में सभी छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

**नया नियम** — अभी 4 घंटे पहले चार्ट बनने पर पता चलता है; देशभर में जल्द लागू होगा नियम

# वेटिंग टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं, 24-घंटे पहले पता चलेगा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स के लिए नए नियम लेकर आई है। अब यात्रियों को सीट कन्फर्म हुई या नहीं इसकी जानकारी ट्रेन निकलने के एक दिन पहले पता चल जाएगी।

रेलवे ने अब चार्ट बनाने का समय ट्रेन के चलने से 24 घंटे पहले कर दिया है। अभी सिर्फ 4 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनाया जाता था। ऐसे में वेटिंग टिकट वालों को आखिरी वक्त तक कंफर्मेशन का इंतजार करना पड़ता था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह नियम 6 जून से बीकानेर डिवीजन में लागू किया गया है। धीरे-धीरे इसे देशभर के अन्य डिवीजनों में भी लागू किया जाएगा।

रेलवे ने यह भी कहा कि नए नियम से तत्काल टिकट बुकिंग या अन्य नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। तत्काल टिकट यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जाएंगे और उनकी कंफर्मेशन प्रक्रिया पहले के जैसे ही रहेगी।

### उल्लंघन के लिए जुर्माना

एसी के लिए जुर्माना : 440
स्लीपर के लिए जुर्माना : 250
इसके अलावा, आपको ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से लेकर उस स्टेशन तक का किराया देना होगा, जहां आप पकड़े गए हैं।

### वेटिंग टिकट पर स्लीपर-एसी कोच में सफर नहीं कर सकेंगे

इससे पहले भारतीय रेलवे ने 1 मई से वेटिंग टिकट के लिए नए नियम लागू किए थे।

इनके अनुसार, वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी।

जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब सिर्फ जनरल कोच में ही सफर कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर एसी या स्लीपर कोच में यात्रा करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा।

# संपादकीय

## जिनकी दृष्टि राष्ट्रीय थी, उन्हें गालियां और जिनका एजेंडा विभाजनकारी था, उन्हें पूजा?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज का भारत जिस बुनियाद पर खड़ा है, वह बुनियाद सिर्फ़ ईंट–पत्थर से नहीं बनी — वह बनी है गांधी की दृष्टि, नेहरू की योजना और संविधान की आत्मा से। लेकिन अफ़सोस की बात है कि आज वही गांधी–नेहरू व्हाट्सएप युग की अज्ञानता और राजनीतिक द्वेष के शिकार हैं।

### राष्ट्रपिता ने भारत को 'राष्ट्र' बनाया

महात्मा गांधी से पहले कांग्रेस भले ही अखिल भारतीय संगठन थी, लेकिन उसकी आत्मा अभी भी प्रांतीय पहचान में उलझी हुई थी।
लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चंद्र पाल — ये सभी अपने–अपने क्षेत्रों के नायक थे, लेकिन कोई भी 'भारतीय अस्मिता' की राष्ट्रीय अवधारणा नहीं दे सका।
गांधी ने सबसे पहले कहा — मैं हिन्दू हूं, लेकिन हिंदुस्तानियों का प्रतिनिधि हूं। उन्होंने दमन और हिंसा के बिना पूरे भारत को पहली बार एकजुट राष्ट्रीय मंच पर खड़ा किया।
इसीलिए सुभाष चंद्र बोस ने उन्हें 'राष्ट्रपिता' की संज्ञा दी — क्योंकि राष्ट्र की वास्तविक रचना गांधी ने की थी।

### गांधी : जिन्होंने ब्रिटिश तर्क को नकारा

ब्रिटिश शासक यह प्रचार करते थे कि भारत अभी आज़ादी के योग्य नहीं है। और दुर्भाग्यवश, तत्कालीन कई भारतीय नेता भी अप्रत्यक्ष रूप से इसे स्वीकार कर चुके थे — वे पहले 'सुधार', फिर 'स्वराज्य' की बात करते थे।
गांधी ने इस मानसिक गुलामी को तोड़ा। उन्होंने डंके की चोट पर कहा 'सुधारों की बात तब करेंगे, जब अपना घर अपने हाथ में होगा। पहले आज़ादी, फिर रिफॉर्म।'
उन्होंने भारत को यह यकीन दिलाया कि हम गुलाम नहीं हैं — हमें सिर्फ़ हिम्मत करनी है आज़ादी माँगने की।

### नेहरू : जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी

गांधी जहां भारत की आत्मा को स्वतंत्र करना चाहते थे, वहीं नेहरू ने उसके शरीर को आकार दिया।
- वयस्क मताधिकार से लेकर
- धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना,
- राज्यों का पुनर्गठन,
- राजशाही व जमींदारी का अंत,
- गुटनिरपेक्ष विदेश नीति,
- और जनकल्याणकारी राज्य की परिकल्पना —

हर कदम पर नेहरू ने एक समावेशी, वैज्ञानिक, लोकतांत्रिक राष्ट्र का निर्माण किया।
आज जो लोग उन्हें 'वंशवादी' कहकर नकारते हैं, उन्हें बताना चाहिए कि नेहरू ने अपने लिए कभी कोई विशेषाधिकार नहीं माँगा — बल्कि उन्होंने भारत को संविधान में परिभाषित किया।
अब तुलना कीजिए — सावरकर, जिन्ना, गोलवरकर, हेडगेवार से
जब गांधी–नेहरू एक धर्मनिरपेक्ष भारत की बात कर रहे थे —
सावरकर दो राष्ट्र सिद्धांत गढ़ रहे थे,
गोलवरकर "We, or our Nationhood defined" में अल्पसंख्यकों को दोयम दर्जे का नागरिक मान रहे थे,
जिन्ना मुसलमानों को अलग राष्ट्र का रास्ता दिखा रहे थे,
और हेडगेवार सांप्रदायिक उन्माद का बीज बो रहे थे।
क्या इनमें से किसी ने भी वोट का अधिकार, समाज में बराबरी, या संवैधानिक धर्मनिरपेक्षता की पैरवी की ?
नहीं।
बल्कि आज जिन लोगों के हाथ में सत्ता है, उन्होंने इन्हीं विभाजनकारी नेताओं को 'महान' बनाने का अभियान चलाया है।

### और आज का भारत – प्रोपेगेंडा का गुलाम

आज की 'न्यू इंडिया' वाली सत्ता ने इतिहास को हथियार बना दिया है।
- महापुरुषों को तोड़ा–मरोड़ा जा रहा है।
- गाली देना 'राष्ट्रवाद' कहलाता है।
- गांधी–नेहरू को कोसना 'देशभक्ति' की निशानी बन चुका है।

लेकिन गालियाँ सुनकर भी गांधी मुस्कुराते हैं,
क्योंकि उन्हें पता है —
'सच्चाई को समय लग सकता है, पर वह टिकती ज़रूर है।'

### निष्कर्ष

आज का भारत जिन पैरों पर खड़ा है, वह गांधी–नेहरू के विचार हैं।
अगर हमने उन्हें गिरा दिया —
तो राष्ट्र की आत्मा, संविधान की गरिमा, और लोकतंत्र की बुनियाद खुद–ब–खुद चरमरा जाएगी।
देश उस विचारधारा के हवाले है, जो सिर्फ़ तोड़ना जानती है —
ना निर्माण, ना समावेश, ना भविष्य की कोई दृष्टि।
लेकिन आशा अभी भी जीवित है।
क्योंकि इतिहास गवाही देता है
'वो लोग मिट जाते हैं जो ज़माने को मिटाना चाहते हैं।'

## शादी की मिठाई और हनीमून की खटाई

जनकलाल आंखों के आगे अखबार ताने हुए बड़बड़ा रहे थे। चाय सुड़कते हुए मैंने पूछ लिया, 'क्या हुआ जनकलाल जी ?' वे बोले, 'भैया! अपनी शादी उन दिनों हुई जब विवाह के बाद घूमने का अंग्रेजी संस्करण हनीमून शुरुआती दौर में था। हम दोनों भी हनीमून मनाने गए थे, दक्षिण की पहाड़ी वादियों में। उन दिनों मोबाइल और फोन नहीं थे। सो दीगर झंझटें थीं। होटल कम थे। थे भी तो ऐसे कामचलाऊ टाइप। होटल का आरक्षण तो दूर की बात थी। वहीं पहुंचकर होटल तलाशना पड़ता था।'
'जीऽ और वो हनीमून वाली बात ?' औचक उतावलेपन से मैंने पूछा। वे बोले, 'बड़ी मुश्किल से एक होटल में साधारण–सा कमरा मिला और हम उसी के हो लिए। सुबह नींद खुली तो देखा हमारा सारा सामान गायब। सूटकेस और हैंगर पर टंगे कपड़े भी नदारद हैं। शादी में मिली जोड़ीदार हाथ की घड़ियां उतारकर टेबल पर रख दी थीं वो भी वहां नहीं थीं।' मैं जनकलाल को हनीमून में उलझाए रखना चाहता था सो बोला, 'और वो आपका हनीमून ?'
जनकलाल बोले, 'वही तो। श्रीमती जी के बदन पर गाउन और मेरे बदन पर बनियान और पायजामा बस बचा था। पैसे हैंगर पर टंगी पेंट में थे। बड़ी मुश्किल में जान फंस गई। मैं घबरा गया। बिना पैसों के क्या करेंगे ?' मुझे रोचक लगा था सो बोला, 'आपके पास कपड़े भी तो नहीं थे।' जनकलाल थोड़ा गर्वभरी आवाज में बोले, 'तब हमारी श्रीमती जी ने ढाढ़स बंधाया और बोली कि मैंने मेरी एक पेंट–शर्ट और एक साड़ी बिस्तर के गद्दे के नीचे बिछाकर दबा दिए थे। मुड़–तुड़े कपड़ों से सिलवटें निकालने के लिए उन्होंने ऐसा किया था, ताकि सुबह कपड़े पहनें तो प्रेस किए हुए लगें।'' आपका हनीमून तो खटाई में पड़ गया बिना पैसों के!' मैंने उन्हें फिर हनीमून पर खींचना चाहा। वे मुस्कुराकर बोले, 'हम हनीमून मनाकर ही लौटे। श्रीमती जी ने सोने की चेन मेरे हाथ पर रख दी। और कसम दी कि मैं मना नहीं करूंगा।

# स्त्री-पुरुष संबंधों में बिगड़ते संतुलन की त्रासदी : एक नैतिक और मानवीय विमर्श

दीपा लाभ






जो कानून महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए बनाया गया था, उसी कानून का फ़ायदा उठा कर महिलाएँ अब पैसे ऐंठना, संपत्ति लूटना और पति व ससुराल वालों को मानसिक उत्पीड़न देने से नहीं कतराती हैं।

समाज में पारिवारिक संरचना को हमेशा से आदर्श और स्थायित्व का प्रतीक माना गया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसे आपराधिक घटनाक्रमों की संख्या में वृद्धि हुई है, जहाँ विवाह जैसी पवित्र संस्था छल, द्वेष और हिंसा का माध्यम बन गई है। राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी जैसे मामले इस बात का प्रमाण हैं कि अब केवल स्त्रियाँ ही नहीं, बल्कि पुरुष भी घरेलू हिंसा और मानसिक उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। हालाँकि सोनम का जुर्म अभी साबित नहीं हुआ है, और असलियत सामने आने में वक्त लग सकता है। मगर इसकी संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हाल–फिलहाल में पत्नी द्वारा पतियों की हत्या या तलाक के नाम पर उत्पीडन के कई मामले समूचे देश की सुर्ख़ियों में शामिल रहे हैं। इन मामलों में कानून, प्रशासन और सरकारें अपनी भूमिका निभाती रहेंगी, मगर इस देश के प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते हमारी मानवीय और नैतिक ज़िम्मेदारियों पर विमर्श की आवश्यकता है।

मेघालय से लापता सोनम का एक पखवारे बाद ग़ाज़ीपुर में मिलना उसे संदेह के घेरे में डाल चुका है। राजा रघुवंशी की हत्या की साज़िश में यदि उसकी संलिप्तता साबित हो जाती है तब विवाह जैसे पवित्र बंधन से युवाओं का भरोसा उठना स्वाभाविक है। सात फेरों के इस पावन रिश्ते के साथ ऐसा खिलवाड़ अमानवीय है।

चाहे सौरभ सिंह हो या राजा रघुवंशी, इन मामलों से यह बात साफ़ है कि बात केवल अपराध कि वीभत्सता तक सीमित नहीं है। 36 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल अतुल सुभाष की आत्महत्या जिसके पीछे तलाक की प्रक्रिया और पत्नी द्वारा मानसिक प्रताड़ना कारण बताया गया, सोचने को मजबूर करती है कि आज की पीढ़ी की, विशेषकर स्त्रियों की मनोदशा या मानसिकता ऐसी क्यों होती जा रही है।

वैवाहिक संबंधों में अविश्वसनीयता आज समाज के सामने एक बहुत बड़ी समस्या बन कर सामने खड़ा है। आधुनिक जीवनशैली में संवादहीनता से विश्वास और सम्मान का अभाव अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। 1 जनवरी से 31 मई 2025 के बीच पांच महीने में 1169 मामले फैमिली कोर्ट में पहुंचे हैं, जो 2024 की तुलना में 216 मामले अधिक हैं। इनमें तलाक के 700 व घरेलू हिंसा व भरण पोषण के 469 मामले हैं, जबकि 2024 में तलाक के 506 व भरण पोषण, घरेलू हिंसा के 447 फैमिली कोर्ट में आए थे। इन आँकड़ों से स्पष्ट है कि भारत जैसा देश जहाँ विवाह को जन्म–जन्मान्तर का सम्बन्ध माना जाता था, आजकल फैमिली क्राइसिस से गुज़र रहा है और वैवाहिक संस्था की आस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

जो कानून महिलाओं की सुरक्षा और अस्मिता की रक्षा के लिए बनाया गया था, उसी कानून का फ़ायदा उठा कर महिलाएँ अब पैसे ऐंठना, संपत्ति लूटना और पति व ससुराल वालों को मानसिक उत्पीड़न देने से नहीं कतराती हैं। ऐसा नहीं है कि महिलाओं को इस कानून की आवश्यकता नहीं थी, किन्तु दहेज कानून (498) और घरेलू हिंसा अधिनियम के दुरूपयोग के कई मामले अब जनता की नज़रों में आ चुके हैं। अवसाद, ईगो क्लैश, अपेक्षाओं का टकराव और आर्थिक अस्थिरता भी संबंधों में विष घोलते हैं। ऐसे में एक कदम आगे बढ़कर हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देना एक नई समस्या की ओर इशारा कर रहा है – मेंटल हेल्थ।

मानव जीवन अमूल्य है। विवाह यदि प्रेम, सहयोग और साझेदारी का आधार न बन सके तो उसे सुलझाने के कानूनी और सामाजिक उपाय होने चाहिए, न कि हिंसा या छल से इसका अंत। किसी भी पक्ष द्वारा मानसिक या शारीरिक शोषण केवल कानून का नहीं, नैतिकता का भी उल्लंघन है। हर मानव को सुनने और समझे जाने की आवश्यकता होती है। एक स्वस्थ दांपत्य के लिए केवल अधिकार नहीं, कर्तव्य और संवेदना की ज़रूरत है। इस कार्य के लिए कानून, समाज और प्रशासन की साझेदारी की भूमिका होनी चाहिए।

समस्या गम्भीर है, किन्तु उपायों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। जैसे पूर्व–विवाह परामर्श को प्रोत्साहन दिया जाए। मीडिया और फिल्मों में संतुलित और संवेदनशील चित्रण हो ताकि विवाह और संबंधों की समझ सही रूप में विकसित हो। स्कूल स्तर पर नैतिक शिक्षा, सह–अस्तित्व और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि वे विवाह के समय केवल उत्सव न करें, बल्कि जिम्मेदारियों की समझ भी विकसित करें।


डिजिटल रिकॉर्डिंग और साक्ष्य को कानूनी रूप से अधिक मान्यता दी जाए जिससे झूठे आरोपों का पर्दाफाश हो सके। विशेषकर, राजा रघुवंशी केस में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस केस ने जिस प्रकार जनमानस और न्याय प्रणाली का ध्यान आकर्षित किया, उसमें मीडिया एक प्रमुख कड़ी के रूप में सामने आया। प्रारंभ में जब केस की जानकारी सीमित थी और पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष जांच को लेकर संदेह था, तब मीडिया ने लगातार रिपोर्टिंग कर इस मामले को सामने लाने का कार्य किया। इससे जनता में जागरूकता फैली और उच्चस्तरीय जांच की माँग उठी। मीडिया कवरेज ने जनभावनाओं को स्वर दिया और प्रशासन व न्यायिक संस्थाओं पर कार्रवाई के लिए नैतिक दबाव बनाया। यही दबाव था जिससे केस की जांच विशेष एजेंसियों तक पहुँच सकी। हालाँकि, कुछ मीडिया चैनलों द्वारा बिना ठोस प्रमाणों के आरोपियों को दोषी या निर्दोष ठहराने की प्रवृत्ति देखी गई, जिससे %ट्रायल बाय मीडिया% जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। इससे न्यायिक प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है और यह निष्पक्ष न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध जाता है। मीडिया ने केस से संबंधित अदालती कार्यवाहियों, साक्ष्यों और घटनाक्रमों को जनता तक पहुँचाने का कार्य किया, जिससे पारदर्शिता बनी रही। राजा रघुवंशी केस में मीडिया ने एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाई, लेकिन कुछ जगहों पर इसकी निष्पक्षता और संयम पर प्रश्नचिन्ह भी लगे। इसलिए ऐसी संवेदनशील घटनाओं में मीडिया को जिम्मेदार और संतुलित भूमिका निभानी चाहिए ताकि न्याय और लोकतंत्र दोनों को बल मिले।

आज की दुनिया में स्त्री और पुरुष दोनों ही समान रूप से संवेदनशील, भावनात्मक और पीड़ित हो सकते हैं। जिस समाज में किसी भी एक वर्ग की पीड़ा को उपेक्षित किया जाता है, वहाँ न्याय और संतुलन की बात अधूरी रह जाती है।

यह आवश्यक है कि हम विवाह को एक संवेदनशील साझेदारी समझें, न कि संघर्ष का मैदान। केवल तभी हम एक ऐसे समाज की ओर बढ़ सकेंगे जो वास्तव में न्याय, करुणा और सह–अस्तित्व पर आधारित हो।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3558




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3557 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक ऐसी युवती थी, जिसका कभी किसी से कोई रोमांस नहीं हुआ था। एक दिन उसने रोमांटिक ख्वाब देखा- जब वह गार्डन में घूम रही थी, तभी एक सुंदर युवक ने साड़ी के पीछे छुपकर उससे लिपट गया। वह भागी लेकिन एक घने पेड़ की मधुर छाया में तरुण ने उसे पकड़ लिया।

तुम-तुम क्या करने जा रहे हो? वह हकबकाई।

शैतानी से मुस्कराकर युवक बोला- तुम बताओ। यह तुम्हारा सपना है।

□ □ □

अखबार पढ़ते प्रेमी को प्रेमिका ने पीछे से जोरदार घूँसा मारा। इस पर प्रेमी ने कहा -क्या हुआ, प्रिया?

प्रेमिका- तुम्हारी शर्ट की जेब में एक कागज मिला था जिस पर मेरी (लड़की का नाम) लिखा हुआ था।

प्रेमी- अरे नहीं प्रिये, तुम्हें याद है पिछले सप्ताह मैं ट्रेकिंग पर गया था। मैंने घोड़े की सवारी की थी। मेरी उसी घोड़े का नाम है।

अगले दिन प्रेमिका ने फिर जोरदार घूँसा मारा।

प्रेमी- अब क्या हुआ प्रिये?

प्रेमिका - तुम्हारे घोड़े का फोन आया था।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3558



**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लक्ष्मा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3557



## सूडोकु -3558



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3557 का हल



## शब्द पहेली - 3558



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

### शब्द पहेली -3557 का हल



# ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक मेट्रो को हरी झंडी

## महुआ से जल्द मिलेगी मंजूरी पत्र, सलाहकार नियुक्त के बाद जारी होगा टेंडर

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो की ग्रेटर नोएडा डीपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित योजना को आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार (महुआ) से सहमति बन गई है। इससे संबंधित पत्र इसी सप्ताह नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी को मिल जाएगा। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया करके निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

ये एक्सटेंशन लाइन है जिसे ग्रेटर नोएडा डिपो से बोडाकी तक बढ़ाया जाएगा। बोडाकी में एमएमटीएच बन रहा है। मेट्रो भी इसका एक हिस्सा होगी।

नोएडा मेट्रो एमडी लोकेश एम ने बताया कि विगत 26 मई को महुआ के सामने ग्रेटर नोएडा डिपो से लेकर बोडाकी तक प्रस्तावित मेट्रो का प्रजेंटेशन किया गया था। जिस पर सहमति बन गई है। जल्द ही वहां से मंजूरी का पत्र भेज दिया जाएगा।

इसके बाद बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 एक्सटेंशन लाइन की तैयारी है।

जिसके लिए भी जल्द प्रजेंटेशन किया जाएगा। इन परियोजना पर लगी सभी क्वारीस को भी समाप्त कर दिया गया है।

### ग्रेटर नोएडा डीपो से बोडाकी रुट

केंद्र सरकार से अगले महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी पर सहमति बन गई है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए



डिजाइन कंसलटेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है।

अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा।

इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। डीएमआईसी मेट्रो रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा।

### बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो

नोएडा में बॉटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक का 11.56 किमी का मेट्रो कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को प्रदेश कैबिनेट से अप्रूवल के बाद केंद्र को भेजा गया है।


वहां से इसी प्रजेंटेशन के बाद अप्रूवल मिल सकता है। ये रूट पांच साल में बनकर तैयार होगा। रोजाना करीब 1 से 1.25 लाख लोग इस लिंक लाइन का प्रयोग करेंगे। इसके निर्माण में करीब 2254.35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इस मेट्रो कॉरिडोर पर बॉटेनिकल गार्डन, नोएडा सेक्टर-44, नोएडा ऑफिस, नोएडा सेक्टर-97, नोएडा सेक्टर-105, नोएडा सेक्टर-108, नोएडा सेक्टर-93, और पंचशील बालक इंटर कॉलेज स्टेशन बनाए जाएंगे। कॉरिडोर का आखिरी स्टेशन सेक्टर-142 होगा जो कि पहले ही बनकर तैयार है।

# नोएडा में बनेगी ब्रम्होस मिसाइल में लगने वाली चिप

## सेमिकंडक्टर कंपनी को 15 एकड़ जमीन होगी आवंटित, 500 करोड़ का होगा निवेश

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण ने एडिटेक कंपनी और अमेरिका की आइस-एमओएस के ज्वाइंट वेंचर को सेक्टर-10 में 15 एकड़ जमीन आवंटित करने पर सहमति दे दी है। एडिटेक सेमीकंडक्टर एंड एडि ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग पार्टनर संजय विश्वनाथन ने बताया कि कंपनी क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए 500 करोड़ का निवेश करेगी। कंपनी में करीब 1800 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बताया कि कंपनी 180 नैनो मीटर की चिप बनाएगी। अभी भारत में इस प्रकार की चिप का बहुत छोटे स्तर पर निर्माण हो रहा है।



### अभी चीन से होता आयात

रॉकेट, विमान और मिसाइल में प्रयोग होने वाली चिप का 95 प्रतिशत आयात भारत में चीन से होता है। ऐसे में कंपनी ने बड़े स्तर पर सेंसर फैब तैयार करने के लिए जमीन की मांग की है। प्राधिकरण ने भूमि आवंटन के लिए कंपनी को सैद्धांतिक सहमति दे दी है। भूमि आवंटन के बाद करीब दो सालों में कंपनी चिप का उत्पादन शुरू कर देगी।

यहां पर प्रतिवर्ष करीब 25 करोड़ से अधिक चिप तैयार की जाएगी। इसके अलावा कंपनी वाहनों, इलेक्ट्रिक उपकरण में प्रयोग होने वाली सेमीकंडक्टर चिप भी तैयार करेगी।

### ब्रह्मोस मिसाइल में होगा प्रयोग

सेंसर फैब (सेमीकंडक्टर चिप) का प्रयोग ब्रह्मोस जैसी ताकतवर मिसाइल और अंतरिक्ष में जाने वाले रॉकेट में होगा। इसके अलावा इस तरह के सेंसर लड़ाकू विमानों में भी लगाए जाते हैं।

चिप की मदद से किसी भी रॉकेट या मिसाइल को किस दिशा में भेजना है, इसकी मदद मिलती है। यह चिप मिसाइल और रॉकेट को सफलतापूर्वक उसके टारगेट तक पहुंचाने में कारगर होती है। कंपनी की यमुना सिटी में पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए भी चिप तैयार करने की तैयारी है। इसके लिए अलग से 15 एकड़ भूमि की मांग की गई है।

### हेल्थ केयर सेंसर भी बनेंगे

कंपनी जापानी पार्टनर के साथ मिलकर इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरो स्पेस, डिफेंस, ऊर्जा और हेल्थ केयर में प्रयोग होने वाले सेंसर का भी निर्माण करेगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन को रफ्तार मिलेगी और भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। डॉ. अरुण वीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण ने बताया कि एडिटेड कंपनी को 15 एकड़ जमीन देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी कर दिया गया है।

पिछले सप्ताह कंपनी ने शासन स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक की थी। यह क्षेत्र की दूसरी सेमीकंडक्टर यूनिट होगी।

# यमुना सिटी में फिल्म सिटी का निर्माण जल्द

**बोनी कपूर की कंपनी 18 महीने में शुरू करेगी काम, देरी पर रोज 10 लाख का जुर्माना**




**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना सिटी के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। यमुना प्राधिकरण ने 16 जून से निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बनाई है। इस संबंध में बोनी कपूर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी समय मांगा गया है।

बोनी कपूर की कंपनी और भूटानी ग्रुप मिलकर इस प्रोजेक्ट को विकसित करेंगे। पहले चरण में 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण होगा। इस पर लगभग 1600 करोड़ रुपए की लागत आएगी। कंपनी ने यमुना प्राधिकरण में नक्शा जमा कर दिया है। प्राधिकरण ने इसे मंजूरी भी दे दी है।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ के अनुसार, फिल्म सिटी के निर्माण की समय सीमा शुरू हो चुकी है। 8 जून से गिनती शुरू हो गई है। कंपनी को 18 महीने के भीतर निर्माण कार्य शुरू करना होगा। इस अवधि में काम शुरू न होने पर कंपनी को प्रतिदिन 10 लाख रुपए का जुर्माना देना होगा।

# नोएडा के मेट्रो अस्पताल के फिजियोथेरेपी यूनिट में लगी आग

**30 मिनट में आग पर पाया काबू, शॉट सर्किट बताई गई वजह, नहीं फंसा कोई मरीज**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-11 स्थित मेट्रो अस्पताल के ग्राउंड फ्लोर पर आग लग गई।

आग यहां फिजियोथेरेपी विभाग में लगी। आग सुबह करीब आठ बजे लगी। जिस समय आग लगी यूनिट बंद थी। सीएफओ ने बताया कि फिजियोथेरेपी यूनिट मेन अस्पताल से अलग है।

इसलिए अस्पताल की मुख्य इमारत में धुआं नहीं भरा। मौके पर तत्काल दमकल की तीन गाड़ियों को भेजा गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आग लगने की जानकारी मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को भेजा गया। जब हम लोग यहां पहुंचे अस्पताल के स्टॉफ आग बुझाने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपी यूनिट सुबह 10 बजे खुलती है। ऐसे में वहां अंदर कोई नहीं थी। संभवता मंगलवार को यूनिट बंद करने के दौरान कोई उपकरण ऑन रह गया था। इस कारण शॉट सर्किट हुआ आग लग लगी।

## ग्रेटर नोएडा में लिफ्ट में फंसा परिवार

**गौतमबुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को सीनियर सिटिजन सोसाइटी की लिफ्ट में एक ही परिवार के 6 लोग फंस गए। इन लोगों ने 112 पर कॉल की। इसके 30 मिनट बाद पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। लेकिन, परिवार को बाहर निकालने में करीब 45 मिनट लग गए। इस दौरान परिवार के लोग अंदर छटपटाते रहे, एक-दूसर को हौसला देते रहे। कभी जमीन पर बैठते, कभी खड़े होते। परिवार के लोग कहते रहे- हे भगवान हमें बचा लो। साथ ही चिल्लाते रहे- प्लीज, जल्दी से हमें बाहर निकालो।

# नोएडा में कोरोना के 16 नए मरीज

## अब तक 290 में कोरोना संक्रमण, 166 मरीज हुए ठीक, 6 अस्पताल में भर्ती

**नोएडा।** नोएडा में कोरोना की रफ्तार तेज हो गई है। बीते 24 घंटे में 16 कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि की। छह मरीजों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अन्य का होम आइसोलेशन में शुरू कर दिया गया है। इन मरीजों में सर्दी-जुकाम और बुखार के लक्षण थे। जिले में कोरोना संक्रमित कुल मरीजों की संख्या अब 290 हो गई है। अस्पताल और होम आइसोलेशन से 166 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। अब भी 124 मरीजों का इलाज चल रहा है। जिले की संक्रमण दर 15 प्रतिशत है। एक ही मौत हो चुकी है।




स्वास्थ्य विभाग के जिला निगरानी अधिकारी डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि एक्टिव मरीजों में 153 महिलाएं और 137 पुरुष है। सभी में कोरोना संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं।

अस्पताल में भर्ती मरीजों से प्रत्येक दिन बातचीत की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन को भी ऐसे मरीजों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

कोरोना संक्रमण से घबराने की जरूरत नहीं है। इलाज और सावधानी बरतने की जरूरत है।

जिला अस्पताल में निशुल्क जांच की सुविधा है। साथ ही, मरीजों में सामान्य लक्षण दिख रहे हैं। जो एक हफ्ते में खत्म हो जा रहे हैं।

कोरोना संक्रमण की पुष्टि पर जिला अस्पताल में इलाज की सुविधा है। यहां अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। वहीं पर मरीजों को भर्ती किया जाएगा। वहीं निजी अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है।

# नोएडा में मां और बेटे ने की सुसाइड की कोशिश

## आर्थिक स्थिति खराब होने से उठाया कदम, भाई ने पुलिस को दी सूचना

**नोएडा।** थाना फेज-3 में मां और बेटे में जहर खाकर मां सीमा गर्ग और बेटे सिद्धार्थ गर्ग ने सुसाइड करने का प्रयास किया। महिला पुलिस ने दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद वहां से दिल्ली रेफर किया गया। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस सुसाइड का कारण आर्थिक स्थिति बता रही है। पीड़िता के भाई के फोन करने पर ही दोनों को बचाया गया।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार की रात को सेक्टर-11 निवासी प्रदीप अग्रवाल ने थाना फेज-3 पुलिस को सूचना दी कि उनकी बहन सीमा और भांजा सिद्धार्थ दोनों ही फोन नहीं उठा रहे है। वे कई घंटे से लगातार दोनों को फोन कर रहे है। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए प्रदीप को साथ लिया और नोएडा के क्लियो काउंटी सोसाइटी पहुंचे। इसी सोसाइटी के डी-1 टावर के 202 नंबर में सीमा रहती है।

### पुलिस ने दरवाजा तोड़कर बचाया

पुलिस ने सोसाइटी के मेंटेनेंस स्टाफ, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, प्राइवेट कर्मचारियों और मिस्त्री से फ्लैट का दरवाजा खुलवाया। जैसे ही कमरे के अंदर गए सीमा और सिद्धार्थ बेसुध हालत में बेड पर पड़े थे।

दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खाया था। तत्काल दोनों को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही दोनों को दिल्ली रेफर कर दिया गया। बताया गया कि परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। जिसके चलते दोनों ने ये कदम उठाया।

### दो महीने पहले पति की हुई थी मौत

पुलिस ने बताया कि सीमा के पति सुधीर गर्ग की मौत दो महीने पहले हुई थी। वे व्यवसाय करते थे। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वे कई महीनों से किराया तक नहीं दे पा रहे थे। पति की मौत के बाद मां और बेटा दोनों क्लियो काउंटी सोसाइटी में शिफ्ट हुए थे। यहां भी वो किराया नहीं दे पा रहे थे। जिसके चलते मानसिक रूप से परेशान था। ऐसे में सुसाइड करने का प्रयास किया। बहरहाल दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# नोएडा के स्पेक्ट्रम मॉल में गिरा फायर हाइड्रेंट पाइप

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-75 स्थित स्पेक्ट्रम मॉल की पार्किंग में लगा फायर हाइड्रेंट पाइप नीचे खड़ी कार पर गिर गया। कार की छत बैठ गई। गनीमत रही कि कार में कोई नहीं था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का आरोप है कि जब मॉल में पार्किंग शुल्क वसूल की जाती है तो यहां मेनटनेंस क्यो नहीं कराया जाता। इस हादसे में किसी की जान भी जा सकती थी। हालांकि अब तक कार मालिक ने पुलिस से शिकायत नहीं की है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है। इसका वीडियो आज सामने आया। लोगों ने एक्स पर पुलिस टैग कर घटना के बारे में जानकारी दी। वीडियो में साफ दिख रहा है कि फायर हाइड्रेंट पाइप एक कार पर गिरा हुआ है। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। कार में कोई नहीं था। आस पास भी कोई कार नहीं थी।

बता दे सेक्टर-75 का ये एक रिहाइशी मॉल है। यहां रोजाना कई हजार लोगों का फुटफाल है।

# नोएडा में निवेश कराने के नाम पर 78 लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कारोबारी के साथ 78 लाख रुपए की ठगी कर ली। एक महीने तक ठगों ने पीड़ित से 16 बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराई। जब पीड़ित पर और रकम निवेश करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उसे ठगी की आशंका हुई और उसने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-77 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी निवासी पीयूष कुमार ने बताया कि इसी साल 20 अप्रैल को हनन देलवी और इशिता पॉल ने उनसे फोन पर संपर्क किया। हनन ने खुद को जिरोधा कंपनी का वरिष्ठ अधिकारी बताया। वहीं इशिता ने अपनी पहचान हनन के सहायक के तौर पर बताई। संपर्क करने के बाद दोनों ने सेबी की पंजीकृत ऐप के बारे में पीड़ित को जानकारी दी।

# नोएडा में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## किराए पर कमरा लिया, वहीं बुलाकर मार डाला; भाई बोला- 10 लाख रुपए लूटे

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कमरे के अंदर उसके सीने में गोली मारी गई। युवक बुलंदशहर का रहने वाला था। दोनों आरोपियों ने आज ही सेक्टर-12 के ए ब्लॉक स्थित मकान का फर्स्ट फ्लोर किराए पर लिया था।

दोनों युवक कमरे की सफाई कर रहे थे। तभी वहां ओमपाल (40) आ गया। ओमपाल और उन युवकों में बहस हो गई। तभी युवकों ने ओमपाल को गोली मार दी और भाग गए। दोनों आरोपी अपनी स्कूटी को मौके पर ही छोड़ गए हैं।




मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। स्कूटी को जब्त कर लिया है। स्कूटी के नंबर से उसके मालिक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। बताया गया कि हत्या रंजिशन और पहले से प्लान कर की गई है। वारदात सेक्टर-24 थाना क्षेत्र की है।

चचेरे भाई जितेंद्र भाटी का कहना है कि ओमपाल मनी एक्सचेंज करने का काम करता था। वह अपनी पत्नी के साथ नोएडा के सेक्टर- 94 में किराए पर रहता था। उसकी मनी एक्सचेंज की दुकान सेक्टर- 18 में है, जिसमें वह अपनी पत्नी के साथ बैठता था। बुधवार दोपहर 2 लोगों ने उसे मनी एक्सचेंज को लेकर सेक्टर-12 बुलाया था। ओमपाल 10 लाख रुपए लेकर कार से वहां गया था। भाई का कहना है कि रुपए लूटने के बाद उसके भाई की हत्या कर दी गई।

जिस मकान में वारदात हुई, उसके सामने एक महिला कपड़ों पर प्रेस करती है। उसने बताया कि जब गोली चली, तब वह अपनी दुकान पर ही थी। गोली चलने के कुछ ही सेकेंड बाद 2 लोग मकान से बाहर निकले।

# शार्ट न्यूज

## आत्महत्या मामला : युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में महिला मित्र गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक कंपनी कर्मचारी की आत्महत्या मामले में पुलिस ने उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार किया है। दनकौर कोतवाली पुलिस ने आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बुलंदशहर के सिकंद्राबाद निवासी नीलम रानी ने बताया कि उनका 22 वर्षीय बेटा सचिन कासना स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वहां उसकी दोस्ती संभल की रहने वाली रूबी कुमारी से हुई। कुछ समय बाद रूबी ने सचिन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रूबी की प्रताड़ना से तंग आकर सचिन ने 21 मार्च को खेरली नहर में कूदकर जान दे दी। घटना के बाद से परिजन आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे थे। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर 6 जून को मामला दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के बाद रूबी कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## नोएडा में रंजिश में बुजुर्ग पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग पर हमले का मामला सामने आया है। इमलिया गांव में मंगलवार देर रात को कुछ लोगों ने घर में घुसकर बुजुर्ग कमल सिंह पर हमला किया। वह अपने आंगन में सो रहे थे। पीड़ित के बेटे टीटू ने पुलिस को बताया कि गांव के ही चिकू समेत तीन लोग घर में घुस आए। उन्होंने सो रहे कमल सिंह पर हमला कर दिया। टीटू जब अपने पिता को बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने टीटू की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर चिकू और शेखर समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घायल कमल सिंह का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दनकौर में अतिक्रमण पर कार्रवाई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर नगर पंचायत प्रशासन ने बुधवार को मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। दुकानदारों को दो दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी फिरोज खान ने बताया कि कस्बे में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने सामान रखकर सड़क पर कब्जा कर लिया था। टीन का बाजार, लंबा गलियारा, बिहारीलाल और दीनदयाल चौराहा जैसे प्रमुख मार्गों पर इस अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही थी। अतिक्रमण से सबसे ज्यादा परेशानी अस्पताल की एंबुलेंस को हो रही थी। मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस जाम में फंस जाती थी। इससे मरीजों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अधिकारी ने कहा कि लोगों की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। अगर दुकानदार दो दिन में अतिक्रमण नहीं हटाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा में महिला से ठगी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा 2 सेक्टर में एक महिला के साथ टप्पेबाजी की वारदात सामने आई है। दो अज्ञात युवकों ने नकली नोटों की गड्डी देकर महिला से साढ़े 3 लाख रुपए के जेवरात ले लिए। संतोष चौहान नाम की महिला अपने एक मकान से दूसरे मकान जा रही थीं। रास्ते में दो युवक मिले जिन्होंने गाजियाबाद का रास्ता पूछा। युवकों ने महिला को एक पैकेट दिखाया और कहा कि इसमें रुपए हैं जो उन्हें किसी को देने हैं। पैकेट में 500-500 के नोट दिखाई दिए। आरोपियों ने महिला की ज्वेलरी और नोटों की गड्डी को एक बैग में रखवाकर रुमाल में बांध दिया। कुछ देर बाद वे थैला देकर फरार हो गए। घर पहुंचने पर महिला को पता चला कि रुमाल में कंकड़-पत्थर थे। नोटों की गड्डी में ऊपर-नीचे 500 के नकली नोट थे और बीच में कागज भरे थे। चोर सोने की अंगूठी, हीरे की अंगूठी, कानों के कुंडल और सोने की चेन ले गए। बीटा 2 थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी महिला से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी ट्यूशन टीचर गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में एक ट्यूशन टीचर को छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान हरिओम यादव के रूप में हुई है। वह सेक्टर-36 में ट्यूशन पढ़ाता है। घटना 10 जून को हुई, जब कक्षा 12 की छात्रा ट्यूशन पढ़ने गई थी। उस समय वहां कोई अन्य छात्र मौजूद नहीं था। आरोपी ने इस मौके का फायदा उठाकर छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर आकर अपने पिता को इसकी जानकारी दी। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। अगले ही दिन 11 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को सेक्टर-36 के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से बागपत जिले के बलेनी थाना क्षेत्र के बुडसनी गांव का रहने वाला है और फिलहाल सेक्टर-36 में रह रहा था। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर रील बनाने के लिए स्टंटबाजी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोशल मीडिया रील बनाने के लिए की गई स्टंटबाजी का मामला सामने आया है। एक्सप्रेस वे के बीचोंबीच दो स्कॉर्पियो गाड़ियों से खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने वीडियो में दिख रही दोनों गाड़ियों की पहचान कर उन पर 56-56 हजार रुपए का चालान जारी किया। यह घटना पुलिस प्रशासन की सख्ती के बावजूद हुई है। नोएडा में रीलबाज युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाहत में ये युवा खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ऐसी गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है।

## प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया

**नोएडा।** एमिटी विश्वव्धियालय में बुधवार को स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपेंट बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा दिया। इसमें स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय और सिडबी के बीच एमओयू साइन हुआ। स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी) के चीफ जनरल मैनेजर सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारा मुख्य ध्यान उत्पाद आधारित तकनीकी समस्या निवारण करने वाले स्टार्टअप पर है। वर्तमान में सरकार स्टार्टअप के विकास के लिए प्रयासरत है। हमें उन आईडिया को पहचानना होगा जो उत्पाद में बदलकर समाजिक समस्याओं का निराकरण करते है। इस दौरान उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य साकेत मिश्रा, सिडबी के डीजीएम रवि किशोर और एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला उपस्थित रहे।

## कैब चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार, साथी फरार

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी कोतवाली की पुलिस ने कैब चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से कैब बरामद हो गई है। पुलिस आरोपी के साथी की तलाश में जुटी है। दादरी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सौरभ मावी लुहारली गांव का रहने वाला है। सौरभ ने छह जून को अपने साथी के साथ मिलकर लुहारली टोल प्लाजा से कैब चालक से लिफ्ट मांगी। इसके बाद दोनों बदमाश कैब में सवार हुए। कुछ दूर जाकर चालक ने सीएनजी भरवाने के लिए कैब रोकी। इसी बीच बदमाश मौका पाकर उसकी कैब लेकर भाग गए। पीड़ित चालक की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम उसके साथी की तलाश में जुटी है।

# पति को नदी में धक्का देकर मार डाला

## सिद्धार्थनगर में प्रेमी संग 3 दिन घूमती रही, 18 साल पहले की थी लव मैरिज

**बलरामपुर/ सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में पत्नी पति को लेकर मंदिर गई। उसे प्रसाद में जहर दे दिया। बेहोश होते ही पति को राप्ती नदी के पुल से नीचे फेंक दिया। फिर पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। हत्या के समय महिला का प्रेमी भी उसके साथ था। वह प्रेमी के साथ तीन दिन तक घूमती रही।
महिला ने पति के साथ 18 साल पहले लव मैरिज की थी। अब प्रेमी के लिए उसने पति की हत्या कर दी।
पुलिस ने 8 दिन बाद नदी किनारे मृतक का कंकाल बरामद किया। भाई के आरोप पर पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्याकांड खुल गया। पुलिस ने



महिला से 8 साल छोटे प्रेमी को भी अरेस्ट किया है।

### अब सिलसिलेवार पढ़िए पूरा घटनाक्रम...

सिद्धार्थनगर के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के रेहकट नजरगढ़वा गांव निवासी कन्नन (48) ने 18 साल पहले संगीता (35) से लव मैरिज की थी। दोनों का एक 12 साल का बेटा भी है। शुरुआत में सब कुछ ठीक रहा। मगर 2 साल पहले संगीता की मुलाकात बलरामपुर के रहने वाले अनिल शुक्ला उर्फ विवेक (27) से ट्रेन में हुई। दोनों के बीच अफेयर शुरू हो गया। वह ललिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर धर्मपुर गांव का रहने वाला है।
संगीता ने अनिल की मुलाकात अपने पति कन्नन से भी करवाई। अनिल का उसके घर अक्सर आना जाना लगा रहता था। कन्नन को इसी बीच पत्नी और अनिल के रिश्ते की भनक लग गई।
वह रोक-टोक करने लगा। संगीता हर बार सिर्फ दोस्ती की बात कहकर मामले को टाल देती थी। पति जब ज्यादा विरोध करने लगा तो संगीता ने प्रेमी संग मिलकर उसकी हत्या का प्लान बनाया।

### गुमशुदगी दर्ज कराई, पति के शव को राप्ती में फेंका

पुलिस ने बताया- 2 जून को संगीता ने घूमने का प्लान बनाया। अनिल को भी बुला लिया। तीनों कार में सवार होकर श्रावस्ती में मौजूद विभूति नाथ मंदिर पहुंचे। यहां दर्शन किया। वापस आते समय बीच रास्ते में प्रसाद में जहर मिलाकर कन्नन को खिला दिया। इसके बाद बलरामपुर जिले के कोड़ारी पुल पर कार रोकी। फिर पति कन्नन के शव को 25 फीट ऊंचे पुल से राप्ती नदी में फेंक दिया।

# अलग-अलग मामलों में पांच वारण्टी गिरफ्तार

**ललितपुर।** बानपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच वारण्टीयों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा पांच वारण्टी अभियुक्तगण आमोद सिंह पुत्र हरज्ञान सिंह राजपूत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम बानौनी थाना बानपुर श्यामलाल पुत्र हज्जू बुनकर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम खिरियाछतारा थाना बानपुर जगदीश पुत्र गोविन्द सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम खिरियाछतारा थाना बानपुर खिलन उर्फ कब्बाल पुत्र नन्दू सहरिया उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम खिरिया छतारा थाना बानपुर ललितपुर उमर बाई पत्नी महेश कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम मऊमाफी थाना कोतवाली ललितपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।
गिरफ्तार करने वाल टीम थानाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी उ.नि. विकाश यादव उ.नि. अनुज कुमार उ.नि. मनोज कुमार, उ.नि. बाली सिंह का. अजय कुमार का. आनन्द कुमार का. मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

# हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी 31 साल बाद बरी

### कोर्ट ने कहा- दस्तावेज सबूतों से नहीं ठहरा सकते दोषी, देवबंद में 1993 में हुआ था बम धमाका

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद कस्बे में वर्ष 1993 में हुए आतंकी बम धमाके के मुख्य आरोपी नजीर अहमद वानी को कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।
एसीजेएम परविंदर सिंह की कोर्ट ने 31 साल पुराने इस मामले में सुनवाई के बाद नजीर को बरी कर दिया। विस्फोट में दो पुलिसकर्मियों समेत कुल छह लोग घायल हुए थे। एटीएस की टीम कश्मीर से 2024 को दोबारा अरेस्ट करके लाई थी। कोर्ट ने आदेश में कहा-केवल दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी को नहीं ठहराया जा सकता।



1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 में देवबंद के स्टेट हाईवे पर स्थित यूनियन तिराहे पर हुआ था। उस समय वहां ड्यूटी पर तैनात यूपी पुलिस के कांस्टेबल कन्हैया लाल और कांस्टेबल अर्जुमन अली घायल हो गए थे। इसके अलावा स्थानीय निवासी प्रकाश, सुखबीर और मोहल्ला रेती चौक निवासी एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने कश्मीर के बडगाम जिला निवासी नजीर अहमद वानी उर्फ मुस्तफा को आरोपी बताते हुए मुकदमा दर्ज कर अरेस्ट कर जेल भेज दिया था।

# सूटकेस में महिला की लाश दिल्ली से गाजियाबाद फेंकने आए

## रात 3 बजे बाइक से पहुंचे; सूटकेस फेंका और चले गए; सीसीटीवी में नजर आए

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर इलाके में सूटकेस में मिली महिला की लाश दिल्ली से लाकर फेंकी गई थी। यह बात तब सामने आई, जब पुलिस ने घटनास्थल के 5 किमी के दायरे में लगे सीसीटीवी चेक किए। पहला ढाबे पर और दूसरा एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में एक बाइक दिखी।
बाइक पर 2 युवक बैठे दिखे। पीछे बैठे शख्स के पास वैसा ही हरा सूटकेस दिखा, जैसा क्राइम स्पॉट पर मिला है। दोनों युवकों ने सफेद चादर में बांधकर सूटकेस को ड्राइवर और सवारी के बीच में रखा है। ये दोनों दिल्ली की तरफ से आए थे। मंगलवार सुबह तड़के 3 बजकर 2 मिनट पर सूटकेस को नहर की पटरी पर फेंका गया। उसके बाद दोनों युवक वापस दिल्ली की तरफ चले गए। यह स्पॉट दिल्ली बॉर्डर से सिर्फ 2 किमी दूर है। हालांकि, पुलिस ने सीसीटीवी जारी नहीं किए



हैं।

### कुत्ते खींच रहे थे सूटकेस, पुलिस ने खुलवाया तो लाश निकली

लोनी बॉर्डर इलाके में 10 जून को सूटकेस के अंदर एक महिला की लाश मिली। बॉडी तोड़-मरोड़कर पैक की गई थी। सुबह 8 बजे सूटकेस में लिपटी सफेद चादर को कुत्ते खींच रहे थे। लोगों को दुर्गंध आने पर शक हुआ। इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। पीआरवी और लोनी बार्डर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लोनी बार्डर थाने के प्रभारी इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह भी पहुंचे और जांच कराई।
फोरेंसिक टीम के आने पर सूटकेस को खोला गया। अंदर एक 25-28 साल की महिला की लाश थी। खून रोकने के लिए दुपट्टा लगाया गया था। महिला का चेहरा गोल, रंग गेहुंआ है। दोनों हाथों में कांच की एक-एक चूड़ी थी। नाक में सोने की लांग पहने थी। महिला नीले रंग का सूट यानी कुर्ता पहने हुए थी।
काली रंग की सलवार थी। उसकी मांग में सिंदूर था, पैरों में बिछुए थे। महिला विवाहित और धर्म से हिंदू लग रही है। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। गले पर निशान है, जैसे गला घोंटा गया हो। लोनी बार्डर क्षेत्र में बेहटा हाजीपुर की नहर की पटरी के पास शिव वाटिका कॉलोनी के सामने सूटकेस मिला। सिंचाई विभाग के एक अधिकारी के अनुसार, यह नहर यूपी के सहारनपुर से निकली है।
फिर शामली जिले की सीमा से होकर आती है। इसमें पानी हर समय नहीं चलता, लेकिन बीच-बीच में पानी छोड़ा जाता है। पहले इसका पानी दिल्ली में यमुना में जाता था, अब हिंडन नदी में गिरता है।

# महिला जनसुनवाई कर पीढ़िताओं की समस्या को गंभीरता स सुना और कराया निस्तारण

### जिला कारागार में महिला बैरक और स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा का निरीक्षण कर महिलाओं की समस्याओं को जाना

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीढ़ित महिलाओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा पीढ़िताओं की सुगमता के दृष्टिगत आज बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल ने पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद की महिलाओं की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों से समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी कराया।
जनसुनवाई के दौरान मुख्यत: पुलिस, घरेलू हिंसा व राजस्व सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 38 प्रार्थना



पत्र आये, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया और शेष समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित कर 15 दिन में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आख्या जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
महिला जनसुनवाई के दौरान शहर के मोहल्ला तालाबपुरा वार्ड नं0 21 की महिलाओं ने प्रभुदयाल सेन वकील के मकान से संतोष सिंह पटेल के मकान तक सड़क व नाली निर्माण हेतु ज्ञापन दिया, जिसमें शिकायतकत्रियों ने बताया है कि इनके यहां कई बार पैमाइश हो चुकी है किन्तु अभी तक सड़क नाली निर्माण नहीं हुआ, जिससे मोहल्ले के लोगों को बाहर निकलना कठिन हो गया है और नालियों का पानी गली में भरा होने के कारण संक्रमित बीमारियों का खतरा रहता है। इसको गंभीरता से लेते हुए उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या ने मौके पर ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से दूरभाष पर वार्ता कर सड़क और नाली निर्माण के लिए निर्देशित किया और फरियादियों को भरोसा दिलाया कि आगामी एक माह में उनके यहां नाली व सड़क का निर्माण हो जाएगा।

# आधे बने पुल से नीचे लटकी कार

**महराजगंज।** महराजगंज में कार ड्राइवर ने गाड़ी को आधे बने पुल पर चढ़ा दिया। अंधेरा होने के कारण युवक भी नहीं समझ पाया। जब कार सवार आधे बने पुल के कट पर पहुंचा तो हेडलाइट से उसे दिखा कि आगे रास्ता ही नहीं है। जब तक उसने ब्रेक लगाई तब तक कार फिसलते हुए पुल के नीचे लटक गई। गनीमत रही पुल के नीचे पत्थर और मिट्टी री थी, जिसमें कार अटक गई और नीचे नहीं गिरी। हादसे में कार सवाल बाल-बाल बच गया। मामला गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय हाईवे पर फरेंदा थाना क्षेत्र के भैया फरेंदा के पास का है। लखनऊ का रहने वाला एक युवक कार से गोरखपुर होते हुए नेपाल की ओर जा रहा था। रात करीब एक बजे, फरेंदा के पास वह धोखे में सीधे निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर चढ़ गया। पुल के अंतिम छोर पर रास्ता खत्म होने के कारण चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे कार पुल के किनारे लटक गई।

# जिलाधिकारी ने आगापुर में स्थित रजा झील में कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

विशाल इंडिया संवाददाता



**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल, एसडीएम सदर श्रीमती मोनिका सिंह व खंड विकास अधिकारी चमरव्वा सुश्री सूरज कुमारी के साथ ग्राम आगापुर में स्थित रजा झील में कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण के दृष्टिगत बरसात के समय आगापुर गांव के लगभग 0.90 हेक्टेयर में स्थित रजा झील के चारों से पानी का प्रवाह झील की ओर बनाए रखने हेतु पाइप एवं कुलाबे बनाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को झील के चारों ओर वृहद वृक्षारोपण व फलदार पेड़ों को लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को झील के चारों ओर टहलने हेतु पैदल पथ व बेंच आदि लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को नियमानुसार तालाब का पट्टा आवंटन कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एसडीएम सदर व खंड विकास अधिकारी को संयुक्त रूप से सभी तालाबों व झीलों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए भी निर्देशित किया।

# विकास खण्ड चमरौआ में विलुप्त हो चुकी नीली नदी को प्रशासन द्वारा किया जा रहा पुनर्जीवित

विशाल इंडिया संवाददाता



**रामपुर।** जनपद में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के मार्गदर्शन तथा मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल के अथक प्रयासों के तहत पारम्परिक जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित कर भू-जल स्तर को बचाया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि विकास खण्ड चमरौआ में विलुप्त हो चुकी 12 किलोमीटर लम्बी नीली नदी को मनरेगा योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जलस्त्रोत को पुनर्जीवित करने का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि नीली नदी विकास खण्ड चमरौआ की ग्राम पंचायत मंडुयान कली, बहपुरी, बहपुरा, महमूदपुर, मिलका सिकरौल तथा सिकरौल से होकर गुजरती है। नीली नदी के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी, जिसका लाभ जलस्त्रोतों के अभाव में कृषि कर रहे कृषकों को सीधे तौर पर मिलेगा। सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि इस 12 किलोमीटर लम्बी विलुप्त नीली नदी में से 8 किलोमीटर नीली नदी के पुनर्जीवन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे मनरेगा योजना के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों 1900 मानव दिवस के रुप में रोजगार प्राप्त कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नदी का कार्य पूर्ण होने तक निरन्तर रोजगार उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

# स्कूल बस ड्राइवर ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

**मैनपुरी।** मैनपुरी के बेवर कस्बे में एक प्राइवेट स्कूल के बस ड्राइवर ने 11 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि आरोपी गांव के रिश्ते में बच्ची का बाबा लगता है। पीड़िता के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि 8 जून को आरोपी उनकी बेटी को टॉफी का लालच देकर मक्के के खेत में ले गया। वहां उसने बच्ची से दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। बाद में आरोपी ने यह वीडियो वायरल कर दिया। जिसकी जानकारी होते ही परिवार के लोगों को जानकारी हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। आरोपी 55 वर्षीय है। एक निजी स्कूल में बस चलाता है। उसके परिवार में पत्नी, शादीशुदा बेटी और नाती हैं। घटना के बाद से आरोपी का पूरा परिवार फरार है।

# गरजी नगर पालिका की जेसीबी, नाले को कराया अतिक्रमण मुक्त

### नगर पालिका ईओ ने दी चेतावनी

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में उप जिलाधिकारी निशांक तिवारी व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा पानी की टंकी से लेकर नदी पुल तक नगर पालिका के नाले व सडक़ किनारे डिब्बे, खोखे रखकर व दुकानों के आगे सामान रखकर अतिक्रमण किये हुए संचालकों का सडक़ के दांये एवं वांयी दोनों ओर जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी निशांक तिवारी द्वारा दुकानदारों से वार्ता की गई, उन्होंने कहा कि सडक़ पटरी व नगर पालिका के नाले को छोडक़र ही अपना व्यवसाय करें, सडक़ पटरी पर अतिक्रमण न फैलाये, पटरी पर अतिक्रमण होने के चलते जहां एक



ओर आवागमन में भारी समस्या होती है वहीं वाहन चालक व राहगीर भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है।
इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा अतिक्रमणकारियों को कड़े निर्देश दिये गये कि यदि नगर पालिका के नाले या सडक़ पटरी पर दुकानदार अतिक्रमण किये हुए पाया गया तो अतिक्रमण को हटाते हुए उक्त दुकानदान पर कार्रवाई की जाएगी।
अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा हिदायत देने के बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया गया था, इस दौरान उक्त दुकानदारों के अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाते हुए उनके सामान को पालिका द्वारा जब्त करते हुए जुर्माना वसूल किया गया।
अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद, लिपिक अमित पाराशर, पुरूषोत्तम कुशवाहा, हितेन्द्र रैकवार, धीरेन्द्र घावरी सहित पालिका के अधिकारी/कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

# शार्ट न्यूज

## नेपाल से यूरोप जाने की कोशिश में 8 युवतियां पकड़ी

**महराजगंज।** नेपाल-भारत सीमा पर स्थित सोनौली बॉर्डर के बेलहिया में स्वयंसेवी संस्था ने 8 नेपाली महिलाओं को पकड़ा है। ये महिलाएं स्लोवाकिया जाने की योजना बना रही थीं। सभी महिलाएं नेपाल के चितवन जिले की रहने वाली हैं और इनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच है। महिलाओं के पास नेपाली नागरिकता के दस्तावेज मिले हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में एक व्यक्ति से मिलना था। वह उन्हें नोएडा की एक कंपनी में ले जाता। वहां एक सप्ताह की ट्रेनिंग होनी थी। मानव सेवा संस्था से जुड़ी टीम शांति पुनर्स्थापना गृह की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार सुबह इन महिलाओं को रोका। पूछताछ में सामने आया कि ट्रेनिंग के बाद एक व्यक्ति इन्हें पासपोर्ट और वीजा देने वाला था। संस्था के बेलहिया इंचार्ज नीलेश चौधरी ने बताया कि सभी महिलाओं को भैरहवा पुलिस की मदद से उनके परिजनों को सौंपा जाएगा।

## ललितपुर में पुलिया में फंसा तेंदुआ

**ललितपुर।** ललितपुर के ग्राम भौंती के जंगल में बुधवार सुबह एक पुलिया के भीतर तेंदुआ फंसा मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पुलिया के भीतर फंसे तेंदुए को देखा तो तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, तेंदुआ पुलिया के भीतर किसी तरह से फंस गया है। बाहर नहीं निकल पा रहा है। ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लेकिन सुरक्षा के मद्देनज़र वन विभाग ने किसी को नजदीक जाने से मना किया है। वन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने बताया,तेंदुआ गंभीर रूप से घायल है और फिलहाल चलने में असमर्थ है। रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई है और जल्द ही उसे इलाज के लिए सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। वन विभाग के अनुसार, जंगलों में जलस्त्रोतों के सूख जाने के कारण जंगली जानवरों के मानव बस्तियों की ओर आने की घटनाएं बढ़ रही हैं। विभाग ने आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट भी जारी किया है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी डॉ. शिरीन सिद्दीकी ने बताया कि हमें सूचना मिली है कि भौंती ग्राम के पास एक पुलिया में तेंदुआ फंसा हुआ है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 86 वाहनों का चालान



**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सुरक्षित यातायात और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर बिना नंबर प्लेट/फॉल्टी नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म रूटर्स,बिना हेलमेट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा बिना नंबर प्लेट/फाल्टी नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म, अवैध हूटर्स आदि के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान।

## जिला जज ने कारागार का किया निरीक्षण

ललितपुर । जिला कारागार का बुधवार को जिला जज ने निरीक्षण किया। माननीय नरेन्द्र कुमार झा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निर्देशानुसार मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार, ललितपुर, में दिनांक 11.06.2025 को जिला कारागार ललितपुर में निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर द्वारा जिला कारागार में किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजन शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है।

## सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर धार्मिक भावनाओ को आहत करने का आरोपी गिरफ्तार

विशाल इंडिया संवाददाता

**रामपुर।** बुधवार को सोशल मीडिया सेल, रामपुर को ट्वीटर माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई जिसमें आरोपी द्वारा इन्स्टाग्राम पर धार्मिक भावनाओ को आहत करने के उद्देश्य से टिप्पणी की गयी थी । उक्त सूचना पर सोशल मीडिया सेल, रामपुर द्वारा तत्काल आरोपी के इन्स्टाग्राम अकाउन्ट की संबंधित से जाँच कराई गयी, जिससे मिली सूचना के आधार पर थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा बुधवार को उक्त इन्स्टाग्राम प्रयोगकर्ता नासिर हुसैन पुत्र जाकिर हुसैन नि0 ग्राम पैइन्दानागर थाना अजीमनगर जनपद रामपुर हाल पता महतोश थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया तथा थाना अजीमनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## नाना के घर आया मासूम नहर में डूबा

**मेरठ।** मेरठ में नाना के घर ईद मनाने आया 8 साल का मासूम नहर में डूब गया। बच्चा मुजफ्फरनगर से अपनी अम्मी के साथ मेरठ नाना के घर आया था। बुधवार को बच्चा दोस्तों के साथ नहर में नहाते वक्त डूब गया। बच्चे के डूबने से पूरे परिवार में मातम छाया है। नहर में उसकी तलाश की जा रही है। अब तक उसका पता नहीं चला है। मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र के राधना में बुधवार की शाम मुजफ्फरनगर से अपने नाना के यहां राधना में छुट्टी मनाने आया मासूम नहाते समय गंग नहर में डूब गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाशा लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परेशान होकर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद किठौर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से मासूम की तलाश में जुटी हुई है। बहेड़ी का रहने वाला उमेर पुत्र जान मोहम्मद कुछ दिन पहले गर्मी की छुट्टी मनाने आया। यहां किठौर राधना में नाना इकरार के यहां मां निगहत के साथ आया था। बुधवार शाम 5:00 बजे उम्र राधना गंगनहर में किनारे पर नहा रहा था। जहां तेज बहाव के चलते पानी उसे बहा कर ले गया। जिसके चलते वह डूब गया।

## मैनपुरी में व्यक्ति से सामूहिक कुकर्म

**मैनपुरी।** मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ सामूहिक कुकर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना 5 जून की है। पीड़ित अपने गांव से कुसमरा जा रहा था। रास्ते में परोंखा निवासी सुंदर और आकाश उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर जंगल में ले गए। वहां सुशील पहले से मौजूद था। तीनों ने पीड़ित के साथ सामूहिक कुकर्म किया और वीडियो बना लिया। इसी दौरान राजकुमार और दिलीप भी वहां पहुंच गए। इन दोनों ने भी पीड़ित को धमकाकर कुकर्म किया। आरोपियों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। बेवर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की दबिश में सभी आरोपी फरार मिले। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी है।

# अमेरिका हिंसा-ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस 2000 नेशनल गार्ड्स और भेजे : अब कुल 4000 की तैनाती



**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में 4 दिनों से जारी हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। यह हिंसक प्रदर्शन अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहे हैं। इस प्रदर्शन को काबू करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने 2000 नेशनल गार्ड्स और तैनात करने का फैसला किया है, जिससे इनकी कुल संख्या 4000 हो जाएगी। इसके अलावा 700 मरीन कमांडों भी तैनात करने का फैसला किया है। यह नेशनल गार्ड के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। ये मरीन जवान दक्षिण कैलिफोर्निया के ट्वेंटी नाइन पाम्स बेस से आ रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि यह तैनाती अगले कुछ घंटों में हो सकती है। इससे पहले ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में फैली हिंसा और तोड़फोड़ के बाद वहां तैनात किए गए नेशनल गार्ड के जवानों की तारीफ भी की। ये जवान आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के आदेश पर बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार ट्रम्प ने खुद उनकी तैनाती कर दी।

**ट्रम्प ने कैलिफोर्निया के गर्वनर की गिरफ्तारी का समर्थन किया :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम को गिरफ्तार किया जाए, तो यह अच्छा कदम होगा। गेविन लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसके खिलाफ राज्य सरकार ट्रम्प पर केस करेगी। ट्रम्प ने कहा, ÷न्यूसम ने बहुत खराब काम किया है। उनका सबसे बड़ा जुर्म है कि वो फिर से गवर्नर बनना चाहते हैं।÷ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें न्यूसम पसंद हैं, लेकिन कामकाज में कमजोर लगते हैं।

ट्रम्प के सहयोगी और बॉर्डर अधिकारी टॉम होमन ने पहले कहा था कि अगर कोई सरकारी अधिकारी फेडरल कानून में रुकावट डालेगा तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। हालांकि बाद में उन्होंने साफ किया कि न्यूसम की गिरफ्तारी का कोई प्लान नहीं है, लेकिन कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

**प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते नजर आए :** भारतीय समयानुसार सोमवार को हुए प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों ने सैकड़ों गाड़ियों को जला दिया। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते नजर आए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। प्रदर्शनकारी मास्क पहनकर सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि वे सुरक्षा कैमरों से बच सकें। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर पर अवैध अप्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा।

**ऑस्ट्रेलियाई रिपोर्टर को गोली लगी :** विरोध प्रदर्शनों को कवर कर रही ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार लॉरेन टोमासी पर पुलिस ने रबर बुलेट फायर कर दी। यह घटना रविवार को उस समय हुई जब नाइन न्यूज की पत्रकार लॉरेन टोमासी लाइव रिपोर्टिंग कर रही थीं। वायरल हुए वीडियो में दिखा कि रबर बुलेट उनकी टांग में लगी लॉरेन ने कहा- कई घंटों की तनातनी के बाद स्थिति अब तेजी से बिगड़ गई है। लॉस एंजिलिस पुलिस घोड़ों पर सवार होकर प्रदर्शनकारियों पर रबर बुलेट दाग रही है और उन्हें शहर के सेंटर से हटा रही है।÷ इस दौरान पीछे से एक पुलिस अधिकारी की आवाज आई, जो कह रहा था कि तुमने अभी पत्रकार को गोली मारी। किसी ने लॉरेन से पूछा कि क्या वह ठीक हैं, तो उन्होंने जवाब दिया- मैं ठीक हूं।

**लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात किए :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में हालात को काबू करने के लिए 2000 नेशनल गार्ड्स को भेजा है। हालांकि कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बैस ने नेशनल गार्ड्स भेजने का विरोध किया है। यह पहला मौका है जब किसी राज्य में नेशनल गार्ड को बिना गवर्नर की अनुमति के भेजा गया। लॉस एंजिलिस में 6-7 जून को सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ एक अभियान चलाया था। इसी का विरोध हो रहा है। छापेमारी राष्ट्रपति ट्रम्प की डिपोर्टेशन पॉलिसी का हिस्सा है।

## अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रंप के जन्मदिन पर होगी सैन्य परेड, किए जा रहे कड़े सुरक्षा इंतजाम

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में शनिवार को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 79वां जन्मदिन मनाने की तैयारी हो रही है। इस मौके पर सैन्य परेड होगी। इसके लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। 18 मील इलाके में फेंसिंग की गई हैं। जबकि 175 मैग्नेटोमीटर लगाए गए हैं। सीक्रेट सर्विस के वॉशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। 18 मील से अधिक एंटी-स्केल फेंसिंग लगाई जाएगी। जबकि कई ड्रोन हवा में होंगे। कोलंबिया का पूरा जिला आमतौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई जोन होगा। सीक्रेट सर्विस के वॉशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। 18 मील से अधिक एंटी-स्केल फेंसिंग लगाई जाएगी। जबकि कई ड्रोन हवा में होंगे। कोलंबिया का पूरा जिला आमतौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई जोन होगा। सेना के अधिकारियों का अनुमान है कि शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोग शामिल होंगे। मैककूल ने कहा कि हम लाखों लोगों के लिए तैयार हैं। हमारे पास एक टन मैग्नेटोमीटर है। अगर दस लाख लोग आते हैं, तो हमें कुछ लाइनें लगानी पड़ेंगी।

**दिन में मनेगा जन्मदिन, रात में होगी परेड :** कार्यक्रम के दौरान दिन में ट्रंप का जन्मदिन समारोह मनाया जाएगा। जबकि रात के वक्त सैन्य परेड होगी। इसके लिए सुरक्षा चौकियों पर 175 मैग्नेटोमीटर लगाए जाएंगे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग की प्रमुख पामेला स्मिथ ने कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की। उन्होंने कहा कि लोग कार्यक्रम में समय से पहले आएं। साथ ही कारों की जगह मेट्रो से पहुंचें। उन्होंने कहा कि यह बड़ा आयोजन है। हम जनता पर भरोसा कर रहे हैं कि वे हमारे लिए अतिरिक्त कान और आंखें बनेंगे।

सेना की वर्षगांठ के जश्न की योजना महीनों पहले से ही बनाई जा रही थी। लेकिन ट्रंप ने इस कार्यक्रम को बदल दिया था। वे 79वें जन्मदिन पर कार्यक्रम कराना चाह रहे थे। उन्होंने 60 टन के एम1 अब्राम युद्धक टैंकों और पैलाडिन स्व-चालित हॉवित्जर के साथ शहर की सड़कों पर घूमते हुए एक विशाल सैन्य परेड का एलान किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी रैपर डिडी पर एक्स-गर्लफ्रेंड से यौन हिंसा का आरोप



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के मशहूर रैपर और म्यूजिक प्रोड्यूसर शॉन डिडी कॉम्ब्स पर उनकी एक्स-गर्लफ्रेंड ने हिंसा और जबरन यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। सोमवार को अदालत में गवाही देते हुए पीड़ित ने बताया कि 2024 में एक रात कॉम्ब्स ने उनके साथ मारपीट की, गला दबाया और चेहरे पर मुक्का मारा। इसके बाद एक पुरुष सेक्स वर्कर को बुलाकर उनके साथ जबरन 'फ्रीक-ऑफ' जैसी सेक्सुअल एक्टिविटी कराई। महिला की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। वह कोर्ट में जेन नाम से पेश हो रही है। पेशी के तीसरे दिन सोमवार को उसने बताया कि वह 18 जून 2024 की रात कॉम्ब्स के साथ रोमांटिक शाम बिताने का प्लान कर रही थी, लेकिन वह रात उसके लिए एक भयानक दिन बन गई। महिला के मुताबिक, कॉम्ब्स पर बेवफाई का आरोप लगाने के बाद वह गुस्से में आ गए। उन्होंने महिला का पीछा किया, उसे जमीन पर गिराया, दरवाजे तोड़े, चेहरे पर मुक्का मारा और गला दबाया। महिला ने बताया कि उसने भागने की कोशिश की लेकिन कॉम्ब्स ने उसे लात मारकर गिरा दिया और बाल या हाथ पकड़कर फिर से अंदर घसीटा। फिर उन्होंने एक पुरुष सेक्स वर्कर को बुलाया, उसे एक्स्टेसी की गोली दी। इसके बाद कॉम्ब्स ने उससे, पीड़ित के साथ जबरन संबंध बनाने के लिए कहा। जब महिला ने इसका विरोध किया तो, कॉम्ब्स ने कहा कि तुम इस तरह मेरी रात खराब नहीं करोगी। कॉम्ब्स पर पहले भी यौन हिंसा के आरोप लगे हैं। नवंबर 2023 में उनकी पूर्व प्रेमिका और मशहूर सिंगर कैसी (कैसेंड्रा वेंटुरा) ने उन पर मुकदमा दायर किया था। इसमें दावा किया गया कि कॉम्ब्स ने उसे ड्रग्स के असर में हफ्तों तक फ्रीक-ऑफ सेक्सुअल सेशन में शामिल किया। कॉम्ब्स ने यह मुकदमा एक दिन में ही 2 करोड़ डॉलर में सुलझा लिया था। जेन ने कहा कि जब उसने कैसी का मुकदमा पढ़ा, तो वह तीन दिन तक रोती रही और बीमार महसूस करने लगी।

### जैविक सामग्री की तस्करी के आरोप में एक और चीनी वैज्ञानिक गिरफ्तार; बीते सप्ताह भी दो लोगों को पकड़ा गया था

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अवैध जैविक सामग्री की तस्करी मामले में एक और चीनी वैज्ञानिक को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा में क्षेत्रीय प्रमुख जॉन नोवाक ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार को अमेरिका पहुंचते ही डेट्रॉयट हवाई अड्डे पर चीनी वैज्ञानिक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। एफबीआई ने बताया कि गिरफ्तार चीनी वैज्ञानिक वुहान में हुआझोंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में एडवांस डिग्री हासिल कर रही हैं। उसने मिशिगन यूनिवर्सिटी में एक प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए एक साल बिताने की योजना बनाई थी। इस वैज्ञानिक पर आरोप है कि उन्होंने महीनों पहले मिशिगन विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में कर्मचारियों को जैविक सामग्री भेजी थी। एफबीआई ने मामले में अदालत में दाखिल अपने दस्तावेज में कहा है कि यह सामग्री कुछ खास किस्म के फंगस से संबंधित है। इसके लिए सरकार की अनुमति की आवश्यकता होती है। वहीं,जॉन नोवाक ने कहा कि शोध उद्देश्यों के लिए अमेरिका में जैविक सामग्री के आयात के दिशानिर्देश कड़े लेकिन स्पष्ट हैं। इस तरह की तस्करी से अन्य अतिथि शोधकर्ताओं के वैध कार्य को कमजोर होते हैं और उन्हें संदेह का सामना करना पड़ता है।

### सिंगापुर में 1800 साल पुराने श्री सिवन मंदिर में भव्य अभिषेक समारोह, 20,000 श्रद्धालुओं हुए शामिल



**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में शामिल श्री सिवन मंदिर अभिषेक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 1,800 की शताब्दी से भी पुराने इस मंदिर में 20,000 से अधिक श्रद्धालु जुटे। राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के. षणमुगम गेलांग ईस्ट मंदिर के नाम से मशहूर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। वह बोले, आज का अभिषेक समारोह महत्वपूर्ण है, क्योंकि सिंगापुर में हिंदू समुदाय के दिल में इस मंदिर का विशेष स्थान है। षणमुगम ने समारोह की पट्टिका का अनावरण भी किया। सुबह 7 बजे से ही मंदिर के बाहर विशेष रूप से बनाए गए तंबुओं में पहुंचे श्रद्धालु महाकुंभाभिषेकम का बेसब्री से इंतजार करने लगे। यह मंदिर की छत पर बर्तनों से पवित्र जल डालने की प्रक्रिया है। कुंभम कहे जाने वाले पात्रों में जल भरा जाता है और लगातार सात दिन तक संस्कृत मंत्रों के जाप के माध्यम से इन्हें ऊर्जाप्रदान की जाती है। द स्ट्रेट्स टाइम्स के मुताबिक, हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड ने कहा कि मंदिर में 26 जुलाई तक 48 दिन प्रार्थना, अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## रूस बनाएगा ईरान में आठ न्यूक्लियर प्लांट

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान के एटॉमिक चीफ ने घोषणा की है कि रूस दोनों देशों के बीच पहले से हस्ताक्षरित अनुबंध के तहत ईरान में आठ न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सोमवार को ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के सदस्य तेहरान में एईओआई हेडक्वार्टर के दौरे पर पहुंचे, जहां ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गेनाइजेशन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने इस बारे में जानकारी दी। मोहम्मद इस्लामी ने बताया कि आठ न्यूक्लियर रिएक्टर में से चार बुशहर के दक्षिणी प्रांत में बनाए जाएंगे। मोहम्मद इस्लामी ने मौजूदा बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट में यूनिट-2 और यूनिट-3 के चल रहे निर्माण पर सांसदों को जानकारी दी। इन यूनिट्स का निर्माण ईरानी कंपनियां कर रही हैं। पत्रकारों से बात करते हुए इस्लामी ने बताया कि एईओआई की योजना देश की व्यापक ऊर्जा विकास रणनीति के हिस्से के रूप में ईरान की परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को तीन गुना करना है। बुशहर प्लांट का निर्माण मई 2011 में रूस ने किया था, जो ईरान की पहली और एकमात्र चालू परमाणु ऊर्जा सुविधा है। ये देश के सिविलियन न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम का केंद्र रहा है।

## पाकिस्तानियों को कुवैत ने दिया तोहफा, 19 साल बाद हटाया वीजा बैन, हजारों को नौकरी मिलने का रास्ता साफ

**कुवैत सिटी, एजेंसी।** कुवैत ने 2011 में पाकिस्तान सहित कई देशों पर वीजा बैन लगा दिया था। इसका कारण क्षेत्रीय अस्थिरता, आतंकवाद और सुरक्षा चिंताएं थीं। पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, सीरिया और यमन जैसे देशों के नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया पूरी तरह से रोक दी गई थी। कुवैत सरकार का कहना था कि इन देशों से आने वाले प्रवासी मजदूरों और स्थानीय नागरिकों के बीच सामाजिक तनाव और सुरक्षा को खतरा था, जिस कारण यह प्रतिबंध लगाया गया था।

**अब वीजा बैन हटा, पाक नागरिकों को राहत :** अब कुवैत सरकार ने एक नई शुरुआत करते हुए यह वीजा प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इस फैसले से पाकिस्तान के लाखों नागरिकों के लिए रोजगार, शिक्षा और व्यापार के नए अवसर खुल गए हैं। अब पाकिस्तानी नागरिक कुवैत के लिए वर्क वीजा, फैमिली विजिट वीजा, बिजनेस वीजा और टूरिस्ट वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। कुवैत सरकार का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब वहां का हेल्थ और कंस्ट्रक्शन सेक्टर दक्ष श्रमिकों की भारी मांग से जूझ रहा है। खासतौर पर हेल्थ सेक्टर में सुधार के लिए कुवैत ने 1200 पाकिस्तानी नर्सों की भर्ती की योजना बनाई है। इसके लिए वीजा प्रक्रिया को सरल और तेज किया गया है।

**आईटी, निर्माण और जनरल लेबर सेक्टर में नौकरियां उपलब्ध :** रिपोर्ट्स के





मुताबिक, कुवैत की सरकार आईटी, जनरल लेबर, निर्माण, और मेडिकल जैसे सेक्टर्स में विदेशी कामगारों को प्राथमिकता दे रही है। पाकिस्तानी वर्कर्स को अब कुवैत में वैध रोजगार पाने का सुनहरा मौका मिलेगा। इसके साथ ही कुवैत सरकार इन क्षेत्रों में कुशल और अर्ध-कुशल कामगारों की नियुक्ति पर ज़ोर दे रही है। पाकिस्तान के लिए आर्थिक संकट के बीच राहत पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर संकट से गुजर रही है। देश में डॉलर की भारी कमी, बेरोजगारी, और बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। आईएमएफ के साथ कर्ज पैकेज की बातचीत अभी भी जारी है। ऐसे में कुवैत द्वारा वीजा बैन हटाना पाकिस्तान के लिए आर्थिक राहत की किरण के रूप में देखा जा रहा है। कुवैत में काम करने वाले पाकिस्तानी नागरिक अपने परिवारों को विदेशी मुद्रा (डॉलर) के रूप में रेमिटेंस भेजते हैं, जिससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलती है। इसलिए वीजा बहाली को पाकिस्तानी सरकार के लिए एक कूटनीतिक और आर्थिक सफलता माना जा रहा है। द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम वीजा बैन हटाने का फैसला सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं है, बल्कि इसे कुवैत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

## बांग्लादेश के ढाका में प्रदर्शन पर रोक : यूनुस के सरकारी आवास-सचिवालय के आसपास का एरिया सील



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। विपक्षी दलों, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सेना के बीच भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) ने राजधानी के केंद्र में सभी रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और जनसभाओं पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, ढाका पुलिस ने मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक निवास 'जमुना गेस्ट हाउस' और बांग्लादेश सचिवालय के आसपास के एरिया को पूरी तरह सील कर दिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है। जब सचिवालय में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार के एक अध्यादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। डीएमपी कमिश्नर एसएम सज्जात अली ने बताया कि यह प्रतिबंध, सार्वजनिक व्यवस्था और चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस की सुरक्षा के लिए लगाया गया है। इससे पहले 10 मई को भी सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीजीबी) और पुलिस की एसडब्ल्यूएटी टीमों को सरकारी इमारतों की सुरक्षा में लगाया था। ईद के बाद फिर भड़क सकते हैं प्रदर्शन फिलहाल ईद की छुट्टियों के कारण विरोध थोड़े समय के लिए थम गया है, लेकिन सरकारी कर्मचारियों ने 15 जून तक मांगें पूरी नहीं होने पर देशभर के सरकारी दफ्तरों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। बांग्लादेश सचिवालय अधिकारी-कर्मचारी एकता मंच के सह-अध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने कहा कि आंदोलन और उग्र होगा। सेना और बीएनपी भी नाराज, शिक्षकों हड़ताल पर अगस्त 2024 से सत्ता में आई मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को पहले ही विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनावी समयसीमा तय करने की मांग को लेकर घेर रही है। सेना प्रमुख वाकर-उज-जमान भी दिसंबर 2025 तक चुनाव करवाने की सलाह दे चुके हैं। वहीं यूनुस ने अप्रैल 2026 में चुनाव कराने का संकेत दिया है, जिससे उनकी सत्ता में बने रहने की मंशा पर संदेह गहराया है।

## अमेरिकी एयरपोर्ट में भारतीय छात्र से बदसलूकी, सुरक्षाकर्मियों ने पेट के बल लिटा रखा है और उसके हाथ और पैर बांध दिए

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरपोर्ट पर भारतीय मूल के एक छात्र से बदसलूकी के मामले में दूतावास का बयान आया है। एक वीडियो और तस्वीरों में दिखा था कि भारतीय छात्र को न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर सुरक्षाकर्मियों ने पेट के बल लिटा रखा है और उसके हाथ और पैर बांध दिए हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही लोग भड़के हुए थे। भारतीय छात्र के साथ अपराधियों जैसे बर्ताव का यह वीडियो मौके पर मौजूद और भारतीय-अमेरिकी कारोबारी कुणाल जैन ने बनाया था। अब इस मामले में न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास का बयान आया है। दूतावास ने ट्वीट किया, हमने सोशल मीडिया पर ऐसी कई पोस्ट देखी हैं। इनमें दावा किया गया है कि एक भारतीय को नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर परेशानी झेलनी पड़ी। हम स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं। भारतीयों के हितों की सुरक्षा के लिए कौंसुलेट तत्पर है। छात्र के वायरल वीडियो में दिखता है कि उसे दो अधिकारियों ने पकड़ रखा है और पेट के बल लिटा रखा है। वहीं दो अन्य अधिकारी उसके हाथों और पैरों को बांध देते हैं। इस दौरान भारतीय छात्र मदद की अपील करता सुनाई देता है। छात्र को अमेरिकी प्रशासन ने अवैध रूप से देश में आने के आरोप में पकड़ा था और उसे भारत वापस भेज दिया गया। कुणाल जैन ने एक्स पर लिखा, 'मैंने देखा कि एक



युवा भारतीय छात्र को नेवार्क एयरपोर्ट से डिपोर्ट किया जा रहा है। बीती रात ऐसा हुआ। उसके हाथ बंध थे। उसके साथ अपराधियों जैसा सलूक हुआ। वह सपने देख रहा था, उन्हें पूरा करने आया था। उसका इरादा किसी को नुकसान पहुंचाने का नहीं था। एक एनआरआई के तौर पर मैं असहाय था और उसकी कोई मदद नहीं कर सका। यह दिल तोड़ने वाला है और मानवीय आपदा जैसा है।' कुणाल जैन ने अमेरिका में भारतीय दूतावास से भी अपील की थी कि वह इस मामले की जांच करे और छात्र को जरूरी मदद की जाए। बता दें कि अमेरिका में बड़े पैमाने पर विदेशी छात्रों और कर्मचारियों के वीजा रद्द किए जा रहे हैं।

## इस्राइल में सरकार पर संकट : क्या पीएम नेतन्याहू की सत्ता खतरे में? अति-रूढ़िवादी सैन्य कानून ने बढ़ाई परेशानी

**येरूशलम, एजेंसी।** हमास के साथ युद्ध के बीच इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू सरकार संकट में फंस गई है। अति-रूढ़िवादी सैन्य कानून लागू करने के चलते उनके गठबंधन के सहयोगियों ने सरकार का साथ छोड़ने का एलान किया है। इस्राइल में बुधवार को संसद भंग करने के लिए मतदान हुआ। विपक्ष का कहना है कि अगर गठबंधन के साझेदार सरकार से नाता तोड़ लेंगे तो संसद भंग हो जाएगी। अभी यह साफ नहीं है कि कौन-कौन सहयोगी सरकार का साथ देंगे।

**क्या है कानून :** इस्राइल में अब तक यहूदी पुरुषों को लगभग तीन साल की सैन्य सेवा करनी होती है। इसके बाद कई साल रिजर्व ड्यूटी करनी होती है। वहीं यहूदी महिलाओं को दो वर्ष अनिवार्य सेवा करनी होती है। जबकि इस्राइल में राजनीतिक रूप से सशक्त अति-रूढ़िवादी समुदाय को इससे छूट थी। यह समुदाय धार्मिक कार्य संभालता है और इसके युवाओं को 26 साल की उम्र तक सरकार वजीफा देती है। अब इस्राइल की सरकार ने अति-रूढ़िवादी सैन्य कानून के तहत इस समुदाय के लोगों को भी सेना में काम करना अनिवार्य कर दिया। इस्राइल की सुप्रीम कोर्ट ने भी 2017 में अति रूढ़िवादी को सैन्य सेवा से मिलने वाली छूट को अवैध करार दिया था।

**इसलिए लागू किया जा रहा कानून :** सैन्य सेवा में अति रूढ़िवादियों को शामिल करने का फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि हमास के हमले के बाद से सैनिकों की बड़ी जरूरत महसूस हुई है। इस्राइल ने 360,000 रिजर्व सैनिकों को सक्रिय किया है। हालात यह हैं कि कई रिजर्व सैनिकों ने



गाजा में सैकड़ों दिनों की कई बार ड्यूटी की है। कुछ रिजर्व सैनिक नए बुलावे को अस्वीकार कर रहे हैं। रिजर्व ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करने वाले इस्राइलियों की संख्या इतनी कम हो गई है कि सेना ने सेवा जारी रखने के लिए लोगों को भर्ती करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है।

**अति-रूढ़िवादी पार्टियों का रुख क्या :** नेतन्याहू सरकार के कानून लागू करने की तैयारी और सरकार गिराने के लिए विपक्ष ने आह्वान किया है कि अगर सरकार में शामिल अति-रूढ़िवादी साझेदार अपने समुदाय को सैन्य सेवा से छूट देने वाला कानून पारित करने में विफल रहते हैं तो उनके साथ नाता तोड़ लेंगे। नेतन्याहू के लिए हरेदीम या हिब्रू में दो पार्टियां बेहद जरूरी हैं। दोनों को सरकार को भंग करने के लिए मतदान करना होगा।

इसमें नेतन्याहू की सबसे बड़ी समर्थक पार्टी शास भी शामिल है। शास के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी वर्तमान में विघटन के पक्ष में मतदान करने की योजना बना रही है। जब तक कि वार्ता में कोई सफलता नहीं मिलती। दूसरी पार्टी डेगेल हाटोरा भी पिछले सप्ताह से सरकार छोड़ने की धमकी दे रही है। धर्म और राज्य मामलों के विशेषज्ञ शुकी फ्राइडमैन ने कहा कि हाटोरा युद्ध और राज्य की आर्थिक स्थिति और किसी भी अन्य चीज की परवाह नहीं करते हैं, लेकिन उनके सांप्रदायिक हित हैं। इस सांप्रदायिक हित का ध्यान सेना में सेवा करने से छूट प्राप्त करना है। हालांकि माना जा रहा है कि पीएम नेतन्याहू सरकार को बचाने के लिए कोई समझौता कर सकते हैं। अगर इस्राइल की संसद भंग हो जाती है तो सरकार को कई प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। हिब्रू विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर गायिल तलशीर ने कहा कि यदि संसद भंग हो जाती है तो भी सरकार को अतिरिक्त मतदान सहित नौकरशाही की कई प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ेगा। यह एक बंदूक की तरह होगा जिसे स्थिति में रखा गया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है।

# इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज 37 रन से हराया, दूसरी बार किया क्लीन स्वीप

**साउथैम्पटन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने मंगलवार को साउथैम्पटन के यूटिलिटा बाउल मैदान पर खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। यह इंग्लैंड की 2021 के बाद पहली टी20आई सीरीज में क्लीन स्वीप है। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीमित ओवरों के नए कप्तान हैरी ब्रुक के नेतृत्व में लगातार दूसरी सीरीज में क्लीन स्वीप किया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 248 रन बनाए, जो घरेलू सरजमीं पर उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

ओपनर बेन डकेट ने सिर्फ 20 गेंदों में अपना तीसरा टी20 अर्धशतक जड़ते हुए 84 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उनके साथ जेमी स्मिथ ने भी 60 रनों की पारी खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने मिलकर सिर्फ 9 ओवर में 120 रन जोड़े। जैकब बेथेल ने अंत में 36 रन की नाबाद तेज पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 249 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 14 छक्के जरूर लगाए, लेकिन 8 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंदों में नाबाद 79 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पहली बार 19-18 की बढ़त बना ली है।

बेन डकेट ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से एक बार फिर साबित कर दिया कि वे इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद मल्टी-फॉर्मेट ओपनर हैं। उनकी पारी में शानदार रिवर्स स्वीप, कवर्स के ऊपर से शॉट्स और स्क्वायर लेग के पीछे छक्का शामिल था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। डकेट की बल्लेबाजी ने युवा ओपनर स्मिथ को भी आत्मविश्वास दिया, जिन्होंने दोनों फॉर्मेट में इस सप्ताह पहला अर्धशतक जमाया है।

पिछले 48 घंटे वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए सबसे निराशाजनक साबित हुए हैं। पहले रविवार को सीरीज हार और फिर मंगलवार को एकतरफा हार। इसके बीच सोमवार को स्टार बल्लेबाज़ निकोलस पूरन ने




सिर्फ 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। एक समय टी20 क्रिकेट की बादशाह रही वेस्टइंडीज टीम अब संघर्ष करती नजर आ रही है। हाल ही में समाप्त हुई इस सीरीज ने यह साफ कर दिया कि यह टीम अब उतनी प्रभावशाली नहीं रही, भले ही उसने इंग्लैंड से ज्यादा (35) छक्के लगाए हों।

# इंग्लैंड के आदिल राशिद टी20आई रैंकिंग में टॉप से सिर्फ एक स्थान दूर



**साउथेम्प्टन (यूके) (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद आईसीसी पुरुष टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से सिर्फ एक कदम दूर हैं। आईसीसी के अनुसार राशिद ने वेस्टइंडीज पर इंग्लैंड की 3-0 की श्रृंखला की जीत में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। उनके प्रयासों (4 विकेट) का मतलब है कि वह टी20आई बॉलिंग रैंकिंग में वानिंदु हसरंगा और वरुण चक्रवर्ती को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 710 है, जो कि कीवी तेज गेंदबाज जैकब डफी के 723 के करीब है।

इंग्लैंड अपने घरेलू मैदान पर मजबूत दिखा। राशिद के साथी ब्रायडन कार्से ने भी बॉलिंग रैंकिंग में उछाल का आनंद लिया, उन्होंने अंतिम दो मैचों में 2 विकेट लिए जिससे वे 16 पायदान की छलांग लगाकर 52वें (493) स्थान पर पहुंच गए। तीन मैचों की श्रृंखला में रन बने टी20आई बल्लेबाज रैंकिंग में महत्वपूर्ण अपडेट देखने को मिला।

तीसरे टी20आई में बेन डकेट की 84 (46) रन की धमाकेदार पारी ने उन्हें 48 पायदान की छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, जबकि उनके साथी हैरी ब्रूक के 35 (22) और 34 (20) रन की बदौलत वे 6 पायदान की छलांग लगाकर 38वें स्थान पर पहुंचे।

दूसरी तरफ शाई होप की 40 के आसपास की दो पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज के कप्तान 14 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए जबकि रोवमैन पॉवेल ने अंतिम टी20आई में 45 गेंदों पर नाबाद 79 रन की पारी की बदौलत शीर्ष 20 में जगह बनाई। इस बीच जेसन होल्डर की 70 रन की पारी और एक विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर 26वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली।

# जब आईपीएल में विराट को आउट कर बुमराह ने बनायी थी पहचान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह आज भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं। वहीं विराट कोहली ने टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया है। 2013 में जसप्रीत बुमराह ने केवल 19 साल की उम्र में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए विराट को गेंदबाजी की थी। तब विराट विश्व के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल थे जबकि बुमराह एक उभरते हुए तेज गेंदबाज। तब किसी को अंदाजा नहीं था कि एक दिन बुमराह भारतीय टीम के डेथ ओवरों के विशेषज्ञ गेंदबाज बन जाएंगे। बुमराह को जब इस मैच में डेब्यू करने का मौका मिला। तो उन्होंने अपने पहले ही ओवर में शानदार गेंदबाजी की। इससे सबसे बड़ी उनकी उपलब्धि विराट का विकेट लेना रहा।.विराट आउट होने से पहले विराट कोहली उस समय अच्छी लय में दिख रहे थे और बुमराह की पहला 4 गेंदो पर 3 चौके लगा चुके थे पर बुमराह की एक अंदर आती गेंद को वह समझ नहीं पाए और एलबीडब्यलू हो गए। यह पल आईपीएल इतिहास में इसलिए खास बन गया क्योंकि एक युवा गेंदबाज़ ने सबसे बड़े बल्लेबाज़ को पहली ही टक्कर में आउट कर दिया।




इस पहले ही मैच में बुमराह ने तीन विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा। इस मैच ने बुमराह को काफी लाभ हुआ क्योंकि विराट कोहली को आउट करना एक बड़ी उपलब्धि थी और इससे उनका मनोबल भी बढ़ा जिससे बाद बुमराह लगातार आगे बढ़ते गये। आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद वह भारतीय टीम में पहुंचे और उसके बाद लगातार ऊंचाईयों पर जाते रहे। साल 2013 की उस टक्कर ने न केवल ने भारतीय क्रिकेट को बुमराह जैसा शानदार गेंदबाज दिया । बुमराह आज भी उस मैच का नहीं भूल पाये हैं।

# अय्यर की कप्तानी वाली मुंबई फाल्कन्स टी20 मुंबई लीग के फाइनल में, 12 जून को खिताबी मुकाबला

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर की एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स ने आकाश पारकर के शानदार खेल और ईशान मुलचंदानी के शानदार अर्धशतक की बदौलत बांद्रा ब्लास्टर्स पर 5 विकेट से जीत दर्ज कर टी20 मुंबई लीग 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। फाइनल में उनका सामना गुरुवार को मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स से होगा जो 12 जून को मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांद्रा ब्लास्टर्स ने 130 रन बनाए जिसमें ध्रुमिल मटकर (34) और आकाश आनंद (31) ने सबसे ज्यादा रन बनाए जबकि एसओबीओ मुंबई फाल्कन्स के लिए आकाश पारकर ने तीन विकेट चटकाए। इसके बाद फाल्कंस ने सलामी बल्लेबाज ईशान मूलचंदानी के नाबाद 52 रन के बाद आकाश पारकर (32) और अंगकृष रघुवंशी (27) की तेज पारी की बदौलत पांच ओवर शेष रहते आराम से लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली।

इससे पहले पहले सेमीफाइनल में कप्तान सिद्धेश लाड के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज रोहन राजे के 5 विकेट की बदौलत मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में ईगल थाने स्ट्राइकर्स पर 8 विकेट से व्यापक जीत के साथ टी20 मुंबई लीग 2025 के फाइनल में प्रवेश किया। काफी मूवमेंट और उछाल वाली पिच पर राजे ने परिस्थितियों का शानदार फायदा उठाया और 5/40 के आंकड़े हासिल किए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइकर्स को लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा।



बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य धूमल के समर्थन से राजे ने शीर्ष और मध्य क्रम को तहस-नहस कर दिया जिससे 10 ओवर में ही उनका स्कोर 57/4 हो गया। साईराज पाटिल (41) और कप्तान अथर्व अंकोलेकर (नाबाद 34) ने 43 रनों की साझेदारी कर कुछ समय के लिए पारी को संभाला, लेकिन राजे की एक और पारी ने पलड़ा भारी कर दिया। तेज गेंदबाज ने पाटिल, विनय कुंवर और शशांक अत्तारदे को जल्दी-जल्दी आउट कर यादगार 5 विकेट चटकाए। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सतर्क शुरुआत की। शुरुआती सफलता तब मिली जब साहिल जाधव साईराज पाटिल की इनस्विंगर को गलत समझ बैठे और बोल्ड हो गए। लेकिन लाड ने अपनी खास संयमता के साथ पारी को संभाला। उन्होंने चिन्मय सुतार (19) के साथ 48 रनों की साझेदारी की, जो अत्तारदे की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में समाप्त हो गई। लाड ने हार नहीं मानी और सचिन यादव (नाबाद 19) के साथ मिलकर दोनों ने 55 रनों की अटूट साझेदारी की और 13 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

कप्तान 52 गेंदों पर 74 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें 9 चौके और एक छक्का शामिल था और ऑफ-साइड में शानदार ड्राइव के साथ विजयी शॉट लगाया। इस जीत के साथ मराठा रॉयल्स अपने कप्तान और स्टार पेसर के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन की बदौलत फाइनल में पहुंच गई।

## कुलदीप यादव होगें टीम इंडिया के एक्स फैक्टर : हेडन

लंदन ।भारतीय क्रिकेट टीम अभी अभी इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यासास कर रही है।वहीं इस दौरे को लेकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि कुलदीप यादव इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया के लिए एक्स फैक्टर साबित होंगे। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इस सीरीज में विराट कोहली , रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के नहीं होने से भारतीय टीम की कड़ी परीक्षा भी होगी।हेडन ने कहा कि कुलदीप जैसा कोई गेंदबाज भारत के लिए काफी विकेट ले सकता है।कुलदीप ने अभी तक 13 टेस्ट मैच खेले हैं।जिनमें 24 पारियों में 56 विकेट अपने नाम किए हैं।इंग्लैंड के खिलाफ वह इससे पहले 6 टेस्ट खेल चुके हैं जिनमें 11 पारियों में उन्हें 21 विकेट मिले थे।हेडन के अनुसार युवा कप्तान शुभमन गिल के होने से टीम के उभरते हुए खिलाड़ी भी निडर होकर अपना खेल खेलेंगे।मैडन ने कहा कि विराट, रोहित जैसे खिलाड़ी लंबे समय से टीम के साथ रहे हैं।ऐस में उनकी कमी खलना स्वभाविक है पर टीम के पास कई प्रतिभाएं हैं जो उनकी जगह भरने का प्रयास करेंगी।साथ ही कहा कि उपकप्तान ऋषभ पंत भी इस दौर में अहम भूमिका निभा सकते हैं।इसके अलावा टीम के पास करुण नायर जैस बल्लेबाज भी है जिसके ना एक तिहरा शतक भी है।टीम की गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह , मो सिराह ओर अर्शदीप सिंह जैसे तेज गेंदबाज होने से संतुलित है।

# काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर के लिए खेलेंगे तिलक वर्मा




हैदराबाद ।हैदराबाद क्रिकेट संघ (HCA) ने बुधवार को कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।हैदराबाद के रहने वाले और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 वर्षीय तिलक ने भारत के लिए 25 टी20 और चार एकदिवसीय मैच में क्रमशः 749 और 68 रन बनाए हैं। HCA ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप लीग में खेलने के लिए हैंपशर काउंटी टीम ने संपर्क किया है।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशर काउंटी के साथ शानदार जुड़ाव के लिए शुभकामनाएं देता है।' तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी मैच में 50.16 की औसत से 121 के उच्चतम स्कोर के साथ 1,204 रन बनाए हैं।उनके नाम पांच शतक और चार अर्द्धशतक दर्ज हैं।

# पहले टेस्ट के लिए करुण और सुदर्शन की दावेदारी मजबूत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी पांच मैच की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर है। इस दौरे में भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के कारण टीम को दो अच्छे बल्लेबाजों की जरुरत है। इसके लिए करुण नायर और साई सुदर्शन ने दावेदारी की है। भारतीय टीम 20 जून से पहला टेस्ट खेलेगी। ऐसे में अंतिम ग्यारह को लेकर चर्चाएं जारी हैं। इंडिया ए की ओर इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर करुण ने अपनी दावेदारी और मजबूत की है। करुण वीरेन्द्र सहवाग के बाद टेस्ट में तिहरा शतक लगाने वाले दूसरी भारतीय बल्लेबाज है। वहीं सुदर्शन ने धरेलू क्रिकेट के बाद आईपीएल में भी जमकर रन बनाकर अपनी दावेदारी पेश की है। उन्हें काउंट क्रिकेट का भी अनुभव है।




भारतीय टीम में 8 साल के बाद वापसी कर रहे करुण ने भी घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं। इसी कारण उन्हें भी टीम में अवसर मिला है। इंडिया ए की ओर से अभ्यास मैच में करुण ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी की उससे साफ है कि वह यहां के हालातों में ढ़ल गये हैं। उनके अनुभव और इंग्लैंड की परिस्थितियों से परिचित होने की वजह से उन्हें मध्य क्रम में अवसर दिया जा सकता है। कोच गौतम गंभीर ने भी करुण को लेकर सकारात्मक संकेत दिये हैं। वहीं इंडिया ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन अब तक अंतिम ग्यारह में जगह नहीं बना पाए हैं। अभिमन्यू ने इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो टेस्ट में दूसरी पारी के दौरान 68 और 80 रन की पारी खेली। . पहली पारी में दोनों मुकाबले में 8 और 11 रन बनाए थे। इस प्रदर्शन के आधार पर तो उनका अंतिम ग्यारह में जगह मिलना कठिन है।

वहीं सुदर्शन को टेस्ट खेलने का अनुभव नहीं है पर वह काफी प्रतिभाशाली और तकनीकी रुप से अच्छे बल्लेबाज हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अपनी बेहतर तकनीक से चयनकर्ताओं को इस युवा ने प्रभावित किया है। आईपीएल के दौरान भी उन्होंने संयम और तकनीक की वजह से सभी का ध्यान खींचा। काउंटी क्रिकेट में भी खेलने का अनुभव उनके लिए यहां लाभप्रद रहेगा।

**भारत टीम की संभावित अंतिम ग्यारह:** केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन/अभिमन्यु ईश्वरन/करुण नायर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा

# 16वां डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट : मार्टिन नें बनाई एकल बढ़त , हिमल ठीक पीछे



फोरनी दी सोपरा , इटली ।इटली के विश्व धरोहर स्थल के रूप में प्रसिद्ध डोलोमाइट्स पर्वतमाला में स्थित फोर्नी दी सोपरा में 16वें डोलोमिटी इंटरनेशनल शतरंज टूर्नामेंट का आधा पड़ाव अब पार हो गया है टूर्नामेंट के पांचवें राउंड के बाद बुल्गारिया के टॉप सीड ग्रांड मास्टर मार्टिन पेट्रोव चार जीत और एक ड्रॉ के साथ 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है ।जबकि भारत के इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन भारत के अगले ग्रांड मास्टर बनने की राह मे कदम बढ़ाते हुए 3 जीत और 2 ड्रॉ के साथ 4 अंक बनाते हुए सयुंक्त दूसरे स्थान पर है , हिमल जिनकी वर्तमान रेटिंग 2490 है फिलहाल अपनी रेटिंग मे 2 अंक और जोड़ चुके है और जबकि वह टूर्नामेंट में खेल रहे दोनों ग्रांड मास्टर्स से खेल चुके है उम्मीद है वह अपनी रेटिंग में बचे हुए चार राउंड में और अंक जोड़ेंगे और ग्रांड मास्टर बनने के लिए महत्वपूर्ण औपचारकिता 2500 अंक के आंकड़े को छू सकते है ।

**पांचवें राउंड के प्रमुख परिणाम कुछ इस प्रकार रहे** – पहले बोर्ड पर इंटरनेशनल मास्टर हिमल गुसेन नें ग्रीस के ग्रांड मास्टर वासीलोस कोटरोनियस से ड्रॉ खेला , जबकि दूसरे बोर्ड पर टॉप सीड ग्रांड मास्टर बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव नें ग्रीस की महिला फीडे मास्टर ग्रापासा जॉर्जिया को पराजित करते हुए अपनी चौंथी जीत दर्ज की ।तीसरे बोर्ड पर रोमानिया के माडलीन अंडरोनेसकू नें इटली के लोरेंजों टेल्लारिणी को मात दी । महिला खिलाड़ियों में पांचवें बोर्ड पर रोमानिया की महिला फीडे मास्टर एकेटरीना पिरवुलेसकू नें इटली के मार्को लोजजा को पराजित किया तो छठे बोर्ड पर कोलंबिया की महिला इंटरनेशनल मास्टर एंजेला फ़रांकों नें इटली के लियोनार्डो बुड़ाई को मात देते हुए जीत दर्ज की ।

# ऑस्ट्रेलिया ने डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अंतिम ग्यारह घोषित की

लंदन ।ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के लिए अपनी अंतिम ग्याह घोषित कर दी है।किया।वहीं इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने भी कप्तान टेम्बा बावुमा और अन्य खिलाड़ियों के नाम घोषित कर दिये थे।कमिंस ने कहा कि वैसी ही टीम उतारी जा रही है जैसी ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भविष्यवाणी की थी। बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करेंगे जबकि जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।हेजलवुड स्कॉट बोलैंड की जगह शामिल किये गये हैं।वहीं ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पीठ की वापसी हुई है।वह सर्जरी के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे, इसके अलाव ब्यू वेबस्टर को भी टीम में बनाये रखा गया है।

**ऑस्ट्रेलियाई अंतिम 11:** पैट कमिंस (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।



# 'आपके साथ मैदान साझा करने पर गर्व है', निकोलस पूरन के संन्यास पर भावुक हुए ऋषभ पंत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट उप-कप्तान ऋषभ पंत ने अपने लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के साथी और दोस्त निकोलस पूरन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एक भावपूर्ण नोट लिखा। वेस्टइंडीज के पूर्व टी20 कप्तान ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। वेस्टइंडीज के सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले और टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने फैसले को 'कठिन' बताया।

पूरन आईपीएल में पंत के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम साझा करते हैं और मैदान के बाहर भी भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज के साथ उनका करीबी रिश्ता है। पंत ने पूरन की आगे की राह के लिए सफलता की कामना की और कैरेबियाई टीम के साथ उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया, उसके लिए उन्हें बधाई दी।

पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आपने अपनी छाप छोड़ी है भाई - एक सच्चे साथी, दोस्त और एक बेहतरीन खिलाड़ी। आपके साथ मैदान साझा करने पर गर्व है, वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बधाई। आगे की राह के लिए आपको सफलता की शुभकामनाएं। हमेशा सम्मान।'

वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट मैच नहीं खेलने वाले पूरन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा 106 मैच खेलने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी हैं और 2,275 रन के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2024 में वेस्टइंडीज के लिए खेला था।

पूरन ने इंस्टाग्राम पर संन्यास की जानकारी देते हुए लिखा, 'बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा - खुशी, उद्देश्य, अविस्मरणीय यादें और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने का मौका। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना... शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि यह मेरे लिए वास्तव में क्या मायने रखता है। कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक विशेषाधिकार है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा।' उन्होंने आगे लिखा, 'हालांकि मेरे करियर का यह अंतरराष्ट्रीय अध्याय खत्म हो गया है, लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम और क्षेत्र को आगे की राह के



लिए सफलता और ताकत के अलावा कुछ नहीं चाहता।'

# संन्यास के दूसरे ही दिन पूरन को मिली एमआई न्यूयॉर्क की कप्तानी

जमैका ।वेस्टइंडीज के आक्रमक विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के एक दिन बाद ही नई भूमिका मिल गयी है।29 साल की उम्र में संन्यास लेने वाले पूरन को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट के आगामी सीजन के लिए एमआई न्यूयॉर्क टीम का कप्तान बनाया गया है।पूरन ने इस लीग में 2023 में शानदार प्रदर्शन किया था।तब उन्होंने 388 रन बनाए थे और .वह सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।एमआई न्यूयॉर्क ने पूरन की योग्यता को देखकर टीम की कप्तानी दी है।पूरन इससे बेहद खुश हैं।पूरन की गिनती विश्व के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक में होती है।उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब वह अपने करियर के शीर्ष पर हैं।मेजर लीग क्रिकेट में पूरन का पिछला प्रदर्शन शानदार रहा था, विशेष रूप से खिताब जीतने वाले 2023 एमएलसी फाइनल में उनकी नाबाद 137 रनों की पारी खेली थी।इस फ्रेंचाइज़ी ने पूरन को कप्तान बनाने पर कहा, 'हमारे हीरो, हमारे कप्तान निकोलस पूरन। पूरन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास की घोषणा कर सबको हैरान कर दिया था।वह वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड की जगह पर कप्तानी करेंगे।पोलार्ड पिछले सत्र में एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान थे।टीम की ओ से कहा गया कि ये बाएं हाथ का विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक है।



## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ 85.50 रुपये पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस ये 85.59 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.62 पर खुला और फिर 85.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.66 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.2 फीसदी बढ़ा।

## यूरोपीय संघ एफटीए से 'ऊर्जा और कच्चा माल' अध्याय हटाने पर राजी

**नई दिल्ली।**

भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत 'ऊर्जा और कच्चा माल' अध्याय को बातचीत से अलग रखने तैयार कर लिया है। यूरोपीय संघ ने एकतरफा तरीके से उस अध्याय को शामिल किया था। इसमें भारत से पेट्रोलियम उत्पादों, रसायनों, कपास, लौह और इस्पात, तांबा और अन्य महत्त्वपूर्ण धातुओं जैसे कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति की प्रतिबद्धता अनिवार्य करने का प्रावधान था। 12 से 16 मई को नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते के लिए 11वें दौर की बातचीत के बाद यूरोपीय आयोग ने कहा था कि इस पर बात करने से पहले सहमति बनी थी कि ऊर्जा और कच्चे माल के अध्याय पर चर्चा को फिलहाल अलग रखा जाएगा। कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण कई देशों में ऊर्जा और कच्चे माल की आपूर्ति की सुरक्षा को लेकर जबरदस्त रुचि पैदा हुई है। चीन द्वारा हाल ही में दुर्लभ खनिज मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध ने भी विविध स्रोतों से विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने की जरुरत बताई। यूरोपीय संघ अधिकांश कच्चे माल की आपूर्ति के लिए पूरी तरह तीसरे देशों पर निर्भर है। आपूर्ति जोखिम को कम करने के लिए यूरोपीय संघ ने तय किया है कि 2030 से किसी भी कच्चे माल की आपूर्ति का 65 फीसदी से ज्यादा हिस्सा किसी एक देश से आयात नहीं किया जाएगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक ने कहा कि यूरोपीय संघ का व्यापार समझौते का रुख विरोधाभासों से भरा है क्योंकि वह विकासशील देशों से कोई प्रतिबंध नहीं चाहता है जबकि कार्बन-उत्सर्जन वाली वस्तुओं पर कर, सख्त प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नियंत्रण जैसे प्रतिबंध को लागू करने का अधिकार अपने पास रखता है। उन्होंने कहा कि यह दोहरा मापदंड चुनिंदा दृष्टिकोण को उजागर करता है। एक जो दूसरों के संसाधनों तक खुली पहुंच चाहता है जबकि अपने दरवाजे मूल्य वर्धित निर्यात और औद्योगिक विकास के लिए बंद कर रहा है। भारत ऐसी विषमता को स्वीकार नहीं कर सकता है। एक निष्पक्ष मुक्त व्यापार करार पारस्परिक दायित्वों को प्रतिबिंबित करने वाला होना चाहिए न कि कच्चे माल के एकतरफा प्रवाह के हिसाब से। यूरोपीय संघ के अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन और पीएम मोदी ने 28 फरवरी को संयुक्त रूप से घोषणा की थी कि दोनों पक्ष 2025 के आखिर तक मुक्त व्यापार करार को पूरा करना चाहते हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि बातचीत आगे बढ़ रही है और साल के आखिर की समयसीमा से पहले भी समझौता किया जा सकता है। यूरोपीय संघ ने कहा कि बातचीत के 11वें दौर के दौरान पारदर्शिता, बेहतर नियमन, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा तथा बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे कई अध्याय पर सफल चर्चा पूरी हो गई है। आईपीआर अध्याय पर यूरोपीय संघ ने कहा कि वार्ताकारों ने कई पहलुओं पर समझौता प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया और इस अध्याय की बातचीत समाप्त हो गई।

# भारत में 'रिनॉल्ट बोरेल' के नाम से पेश की जाएगी बिगस्टेर

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में 7-सीटर एसयूवी की श्रेणी में रिनाल्ट कंपनी भी अपनी नई एसयूवी के साथ उतारने की तैयारी कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिगस्टेर नाम से जानी जाने वाली यह एसयूवी भारत में 'रिनॉल्ट बोरेल' के नाम से पेश की जाएगी। टेस्टिंग के दौरान इसकी स्पाई शॉट्स सामने आई हैं, जिसमें यह एक बड़ी और दमदार एसयूवी के रूप में नजर आई। भारत में इसे 7-सीटर लेआउट में लॉन्च किया जा सकता है, जिससे यह सीधे तौर पर लोकप्रिय एसयूवीको चुनौती देगी। रिनॉल्ट बोरेल को भारत में खास तौर पर डिजाइन और फीचर्स के लिहाज से प्रतिस्पर्धी बनाया जाएगा। इसमें रडार-बेस्ड अडास, 10.1-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जिंग और ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए जा सकते हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें छह एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, ईएससी और इसोफिक्स माउंट्स की संभावना है। इंजन विकल्पों की बात करें तो रिनॉल्ट बोरेल में पेट्रोल, माइल्ड-हाइब्रिड और स्ट्रॉन्ग-हाइब्रिड पावरट्रेन दिए जा सकते हैं। रिनॉल्ट इंडिया ने अभी तक बोरेल की लॉन्च तारीख का खुलासा नहीं किया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि इसे 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में भारतीय बाजार में उतारा जा सकता है। यह एसयूवी न केवल तकनीकी रूप से उन्नत होगी, बल्कि इसका डिजाइन और लेआउट भी भारतीय ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। रिनॉल्ट बोरेल के आने से मिड और प्रीमियम 7-सीटर एसयूवी सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा और तेज होने की उम्मीद है।

## जीवन बीमा कंपनियों का नए प्रीमियम संग्रह 11 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।**

चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में जीवन बीमा कंपनियों ने नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जीवन बीमा परिषद ने हाल ही में जारी आंकड़ों में बताया कि मई 2025 में नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नए व्यवसाय से प्रीमियम आय मई 2025 में बढ़कर 30,463 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 27,034 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों में संग्रह सालाना आधार पर 47,293 करोड़ रुपये से बढ़कर 52,427 करोड़ रुपये हो गया। मई 2025 में संयुक्त व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह में 3.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बताया गया है कि जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम में सालाना आधार पर 5.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह मई 2025 में 3,525 करोड़ रुपये रहा। देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का नए व्यवसाय से प्रीमियम मई 2025 में 10.27 प्रतिशत बढ़कर 18,405.04 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 16,690.39 करोड़ रुपये था।

## ग्रैंड विटारा ने 3 लाख यूनिट्स की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।**

कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की मिड-साइज एसयूवी ग्रैंड विटारा ने महज 32 महीनों में 3 लाख यूनिट्स की बिक्री का रिकॉर्ड बना लिया है। बिक्री के यह आंकडे ग्राहकों के बीच ग्रैंड विटारा की लोकप्रियता को दर्शाते है। इस सफलता में सबसे बड़ा योगदान इसके स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वेरिएंट्स का रहा है, जिनमें वित्त वर्ष 2024-25 में 43 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, ऑलग्रिप सिलेक्ट 4म4 सिस्टम और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन जैसे फीचर्स ने भी ग्राहकों को आकर्षित किया है। मारुति सुजुकी के मार्केटिंग और सेल्स प्रमुख पार्थो बनर्जी ने ग्राहकों का आभार जताते हुए कहा कि ग्रैंड विटारा ने कंपनी को मिड-एसयूवी सेगमेंट में मजबूत स्थिति दिलाई है। इस अवसर पर कंपनी ने 'ड्रिवेन बाय टेक' अभियान भी शुरू किया है, जिसमें एसयूवी को ग्राहकों की जीवनशैली से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। इस एसयूवी में 1.5-लीटर इंटेलिजेंट इलेक्ट्रिक हाइब्रिड और के-सीरीज डुअल-जेट इंजन विकल्प मौजूद हैं। सीएनजी वर्जन भी उपलब्ध है, जो शानदार माइलेज और परफॉर्मेंस का संतुलन पेश करता है।2025 ग्रैंड विटारा में ज़ेटा और अल्फा वेरिएंट्स में कई नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जिनमें पैनोरमिक सनरूफ, आर17 अलॉय व्हील्स, 360-डिग्री कैमरा, वेंटिलेटेड सीट्स और क्लैरियन साउंड सिस्टम शामिल हैं। सभी ट्रिम्स में छह एयरबैग, हिल होल्ड असिस्ट के साथ ईएसपी और आईसोफिक्स चाइल्ड माउंट्स जैसी सुरक्षा सुविधाएं भी दी गई हैं।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों और खरीददारी से बाजार ऊपर आया। आज सुबह बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। दिनभर के कारोबार के दौरान बाजार बढ़त पर रहा। अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 123 अंक बढ़कर 82,515 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37 अंक ऊपर आकर 25,141 पर बंद हुआ। आज ब्रॉडर मार्केट पर दबाव दिखा। मिडकैप और स्मॉलकैप में काफी मुनाफावसूली हुई। ये दोनों इंडेक्स करीब आधा फीसदी गिरकर बंद हुए। आज ऑयल एंड गैस और आईटी शेयरों में अच्छी तेजी रही। . दोनों इंडेक्स 1 फीसदी से ज्यादा चढ़े। आईटी शेयरों में टीसीएस इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो सभी में तेजी रही। रक्षा कंपनियों के शेयर 3 फीसदी से ज्यादा गिरे। आज का दिन कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों जैसे केफिन और ब्रोकरेज के लिए भी अच्छा नहीं था। इससे जुड़े शेयर दो से 4 फीसदी नीचे आये।

आज कारोबार के दौरान एचसीएल टेक 3.19 फीसदी, इंफोसिस 2.01 फीसदी , टेक महिंद्रा 1.68 फीसदी, विप्रो 1.62 और ओएनजीसी के शेयरों में 1.23 फीसदी उछाल आया।

वहीं श्रीराम फाइनेंस 2.26 फीसदी, पावर ग्रिड में 1.98 फीसदी, बीईएल में 1.30 फीसदी , इंडसइंड बैंक में -1.07 फीसदी और टाटा टाटा कंज्यूमर में 1.04 फीसदी गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले, बाजार में ये तेजी एशियाई सहित अधिकतर विदेशी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आई है। सुबह सेंसेक्स 80 से ज्यादा उछलकर 82,473 पर खुला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान



जबकि 17 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर कामकाज कर रहे थे।

इसी तरह का निफ्टी-50 भी हल्की तेजी बढ़त के साथ 25,134.15 अंक पर खुला। सुबह 9ः30 बजे यह 29.90 अंक करीब 0.12 फीसदी बढ़कर 25,125 अंक पर कामकाज कर रहा था।

वहीं गत दिवस वित्तीय बाजारों में मुनाफावसूली से बाजार सपाट बंद हुए थे। सेंसेक्स 53.49 अंक करीब 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ ही 82,391.72 पर जबकि निफ्टी 1.05 अंक की हल्की बढ़त के साथ ही 25,104 पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में बुधवार को तेजी देखने को मिली। इस दौरान निवेशकों की नजरें अमेरिका और चीन के बीच चल रही व्यापार बातचीत पर टिकी हुई हैं। वहीं जापान के निक्केई इंडेक्स में 0.33 फीसदी की तेजी आई है जबकि ब्रोडर टॉपिक्स इंडेक्स में 0.014 फीसदी की बढ़त रही। कोस्पी में 0.56 फीसदी की वृद्धि हुई और एएक्स 200 में 0.36 फीसदी की बढ़त रही।

वहीं अमेरिकी बाजार में जारी व्यापार चर्चाओं के साथ सकारात्मक माहौल है। डॉव जोन्स में 0.25 फीसदी की बढ़त रही जबकि एसएंडपी 500 में 0.55 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और नैस्डैक में 0.63 फीसदी की बढ़त रही।

# सोने और चांदी में तेजी

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी रही। इन दोनो के ही वायदा भाव में खुलते ही बढ़त आने लगी। घरेलू बाजार में सोने की कीमतें 97,250 रुपये, जबकि चांदी की कीमतें 1,06,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थीं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी में तेजी के साथ कामकाज हुआ। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज उछाल के साथ रही। इसी कारण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 347 रुपये की तेजी के साथ 97,249 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 96,902 रुपये था। वहीं एक समय यह अनुबंध 351 रुपये की बढ़त के साथ ही 97,253 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,276 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 97,210 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया था। सोने के वायदा भाव इस साल 99,358 रुपये के भाव पर सबसे उच्च स्तर पर पहुंचे। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 151 रुपये बढ़कर 1,06,900 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,06,749 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 36 रुपये उछलकर 1,06,785 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। इसने 1,0,6,900 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,06,744 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। वहीं चांदी के वायदा भाव इस साल 1,07,171 रुपये किलो के भाव के साथ ही शीर्ष स्तर पर



पहुंचे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा में तेजी रही है। कामेक्स सोना 3,344.30 डॉलर प्रति औंस पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 3,343.40 डॉलर प्रति औंस था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.67 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 36.64 डॉलर था।

## जीवन बीमा कंपनियों का नए प्रीमियम संग्रह 11 प्रतिशत बढ़ा

चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में जीवन बीमा कंपनियों ने नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जीवन बीमा परिषद ने हाल ही में जारी आंकड़ों में बताया कि मई 2025 में नए व्यवसाय से प्रीमियम संग्रह में 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नए व्यवसाय से प्रीमियम आय मई 2025 में बढ़कर 30,463 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 27,034 करोड़ रुपये थी। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दो महीनों में संग्रह सालाना आधार पर 47,293 करोड़ रुपये से बढ़कर 52,427 करोड़ रुपये हो गया। मई 2025 में संयुक्त व्यक्तिगत प्रीमियम संग्रह में 3.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बताया गया है कि जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम में सालाना आधार पर 5.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह मई 2025 में 3,525 करोड़ रुपये रहा। देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का नए व्यवसाय से प्रीमियम मई 2025 में 10.27 प्रतिशत बढ़कर 18,405.04 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 16,690.39 करोड़ रुपये था।

# यूरोपीय संघ एफटीए से 'ऊर्जा और कच्चा माल' अध्याय हटाने पर राजी

**नई दिल्ली।**

भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत 'ऊर्जा और कच्चा माल' अध्याय को बातचीत से अलग रखने तैयार कर लिया है। यूरोपीय संघ ने एकतरफा तरीके से उस अध्याय को शामिल किया था।इसमें भारत से पेट्रोलियम उत्पादों, रसायनों, कपास, लौह और इस्पात, तांबा और अन्य महत्त्वपूर्ण धातुओं जैसे कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति की प्रतिबद्धता अनिवार्य करने का प्रावधान था। 12 से 16 मई को नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते के लिए 11वें दौर की बातचीत के बाद यूरोपीय आयोग ने कहा था कि इस पर बात करने से पहले सहमति बनी थी कि ऊर्जा और कच्चे माल के अध्याय पर चर्चा को फिलहाल अलग रखा जाएगा। कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण कई देशों में ऊर्जा और कच्चे माल की आपूर्ति की सुरक्षा को लेकर जबरदस्त रुचि पैदा हुई है। चीन द्वारा हाल ही में दुर्लभ खनिज मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध ने भी विविध स्रोतों से विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने की जरुरत बताई। यूरोपीय संघ अधिकांश कच्चे माल की आपूर्ति के लिए पूरी तरह तीसरे देशों पर निर्भर है। आपूर्ति जोखिम को कम करने के लिए यूरोपीय संघ ने तय किया है कि 2030 से किसी भी कच्चे माल की आपूर्ति का 65 फीसदी से ज्यादा हिस्सा किसी एक देश से आयात नहीं किया जाएगा।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के संस्थापक ने कहा कि यूरोपीय संघ का व्यापार समझौते का रुख विरोधाभासों से भरा है क्योंकि वह विकासशील देशों से कोई प्रतिबंध नहीं चाहता है जबकि कार्बन-उत्सर्जन वाली वस्तुओं पर कर, सख्त प्रौद्योगिकी हस्तांतरण नियंत्रण जैसे प्रतिबंध को लागू करने का अधिकार अपने पास रखता है।

उन्होंने कहा कि यह दोहरा मापदंड चुनिंदा दृष्टिकोण को उजागर करता है। एक जो दूसरों के संसाधनों तक खुली पहुंच चाहता है जबकि अपने दरवाजे मूल्य वर्धित निर्यात और औद्योगिक विकास के लिए बंद कर रहा है।

## हुंडई ने लॉन्च की वर्ना एसएक्स प्लस, कीमत और फीचर्स ने ग्राहकों किया आकर्षित



**नई दिल्ली।**

दक्षिण कोरियाई कार निर्माता हुंडई ने भारत में अपनी मशहूर सेडान वर्ना का नया एसएक्स प्लस वेरिएंट पेश किया है, जो कीमत और फीचर्स के लिहाज़ से ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया। यह वेरिएंट मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, जिनकी एक्स-शोरूम कीमतें 13.79 लाख और 15.04 लाख रुपए रखी गई हैं। इस नए वेरिएंट में पहले टॉप एसएक्स (ओ) मॉडल में मिलने वाले कई प्रीमियम फीचर्स शामिल किए गए हैं, जिनमें एलईडी हेडलाइट्स, 16-इंच एलॉय व्हील्स, रियर स्पॉइलर, फ्रंट पार्किंग सेंसर्स, 8-स्पीकर बोस साउंड सिस्टम, हीटेड और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स तथा लेदरेट अपहोल्स्ट्री जैसी सुविधाएं प्रमुख हैं। वर्ना एसएक्स प्लस में 1.5 लीटर का 4-सिलिंडर नेचुरल एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 115एचपी की पावर और 143.8एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल या सीवीटी ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है और दावा किया गया है कि यह कार 18 से 19 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। सुरक्षा के लिहाज़ से भी यह वेरिएंट काफी दमदार है, जिसमें छह एयरबैग्स, एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी), टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) और रियर पार्किंग कैमरा जैसे फीचर्स स्टैंडर्ड दिए गए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने अपने चुनिंदा मॉडल्स के लिए नया वायर्ड-टू-वायरलेस एडॉप्टर भी पेश किया है जिसकी कीमत 4,500 रखी गई है। यह एडॉप्टर वायरलेस एप्पल कारप्ले और एन्डार्ड ऑटो को सपोर्ट करता है और वेरना एसएक्स(ओ), एसएक्स टूर्बो और एसएक्स(ओ) टूर्बो वेरिएंट्स के लिए उपयुक्त है।

## स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में भारत के दोहरे अंक में बढ़ने की उम्मीद



**मुंबई।**

वैश्विक स्तर पर स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में गिरावट हुई है और 2025 में भारत का उत्पादन दोहरे अंक में बढ़ने की उम्मीद है, इससे वर्ल्ड आउटपुट में देश का शेयर करीब 20 प्रतिशत पहुंच जाएगा। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर स्मार्टफोन मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट 2025 में सालाना आधार पर एक प्रतिशत गिरने का अनुमान है। इसका कारण टैरिफ का प्रभाव और इंडस्ट्री में धीमापन आना है। इससे पहले 2024 में इंडस्ट्री आउटपुट में 4 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। चीन, भारत और वियतनाम 2024 में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट के 90 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें भारत आउटपुट वृद्धि में सबसे शीर्ष पर था। चीन का उत्पादन टैरिफ के कारण प्रभावित रहेगा, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में गिरावट आएगी और साथ ही घरेलू प्रदर्शन में भी गिरावट का अनुमान है। मामले से जुड़े जानकार ने कहा, ब्रांड्स के पास चीन से बाहर जाने और अन्य देशों में अधिक उत्पादन क्षमता और आउटपुट आवंटित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। चीन से बाहर जाने वाली क्षमता में मुख्य विजेता भारत और वियतनाम दो ही देश हैं। भारत में उत्पादन बढ़ाने की काफी क्षमता है और वियतनाम, जो चीन के अपेक्षाकृत करीब है और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए एक परिपक्व कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्टर है। भारत का पूरा मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम लगातार बढ़ रहा है और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग में उत्पादकता और जटिलता दोनों के संदर्भ में लगातार सुधार हो रहा है।

# चैटजीपीटी डाउन, सवाल पूछने पर नेटवर्क में आ रहा एरर मैसेज

### यूजर्स हुए परेशान, कंपनी ने माना एआई टूल सोरा पर पड़ा असर




**नई दिल्ली।**

ओपनएआई का एआई चैटबॉट चैटजीपीटी डाउन हो गया, जिससे कई देशों के लाखों यूजर्स इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। भारत और अमेरिका में सबसे ज्यादा यूजर्स परेशान हैं। कंपनी ने चैटजीपीटी की सर्विस प्रभावित होने को स्वीकार किया है और बताया है कि चैटजीपीटी और इमेज जेनरेशन एआई टूल सोरा पर इसका असर पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चैटजीपीटी के डाउन होने की खबरें यूजर्स द्वारा दोपहर 3 बजे के आसपास आना शुरू हुईं। प्लेटफॉर्म पर करीब 800 शिकायतें दर्ज की गईं। करीब 88 फीसदी शिकायतों में लोगों ने कहा कि चैटबॉट उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे रहा है। वहीं, 8 फीसदी लोगों ने मोबाइल एप के साथ समस्याओं की सूचना दी, जबकि 3 फीसदी लोगों ने कहा कि उन्हें एपीआई से संबंधित दिक्कतें आ रही हैं। चैटजीपीटी से सवाल पूछे जाने पर यूजर्स को बार-बार ÷कुछ गड़बड़ हो गई है÷ का मैसेज दिखा रहा है। कई लोगों ने बताया कि चैटजीपीटी से सवाल पूछने पर नेटवर्क में एरर का मैसेज आ रहा है। कुछ लोगों को दोबारा ट्राई करने का निर्देश दिया है। वहीं, ओपनएआई ने अपने सिस्टम स्टेटस पेज पर आउटेज की बात मानी है, जिसमें पुष्टि की गई कि चैटजीपीटी और उसका टेक्स्ट-टू-वीडियो प्लेटफॉर्म सोरा दोनों प्रभावित हुए हैं। ओपनएआई ने कहा कि चैटजीपीटी कुछ यूजर्स एरर दिखा रहा है, जबकि कुछ यूजर्स को देर से जवाब मिल रहे हैं। हम इस मुद्दे की जांच जारी कर रहे हैं। कंपनी ने आउटेज को ठीक कर लेने का समय नहीं बताया है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 12 जून 2025
Www.vishalindia.in



# मीनाक्षी चौधरी ने दो बड़ी फिल्मों से श्रीलीला को किया रिप्लेस

दक्षिण भारतीय सिनेमा में इन दिनों मीनाक्षी चौधरी का जलवा साफ दिख रहा है। 'लकी भास्कर' में दुलकर सलमान के साथ और 'द ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम्स' में विजय के साथ अपने प्रभावशाली अभिनय से पहचान बना चुकी मीनाक्षी साउथ सिनेमा के निर्देशकों की पहली पसंद अरसे से रही हैं। एक समय था जब दक्षिण भारतीय फिल्म जगत में श्रीलीला का जादू सिर चढ़कर बोल रहा था, खासकर 'किस्सिक' जैसे हिट गीतों के चलते। लेकिन अब उसी स्पॉटलाइट में मीनाक्षी चौधरी की दमदार मौजूदगी नजर आ रही है। मीनाक्षी ने हाल ही में श्रीलीला को दो बड़ी फिल्मों से रिप्लेस किया है, और यह कोई संयोग नहीं बल्कि उनके बढ़ते प्रभाव का परिचायक है।

पहली फिल्म है निर्देशक कार्तिक डंडू की अगली फिल्म जिसमें मीनाक्षी को नागा चैतन्य के साथ मुख्य भूमिका में लिया गया है। बताया जा रहा है कि 'ग्रेटेस्ट ऑफ आल टाइम' में उनके शानदार अभिनय को देखकर ही निर्माता-निर्देशक उन्हें पहली पसंद मान रहे थे। आखिरकार, वही हुआ। मीनाक्षी को इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के तौर पर फाइनल कर लिया गया। दूसरी फिल्म है 'अनगनागा ओका राजू', जिसमें पहले श्रीलीला को नवीन पोलीशेट्टी के साथ कास्ट किया गया था। टीज़र रिलीज होने के बाद भी फिल्म कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में चली गई थी, वजह बनीं श्रीलीला की डेट्स की परेशानी। इस मौके का लाभ उठाते हुए, मीनाक्षी ने न केवल फिल्म में जगह बनाई, बल्कि नए टीजर में उनकी और नवीन की ताजगी से भरी कैमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सूत्रों की मानें तो तेलुगु और तमिल फिल्म जगत के साथ साथ हिंदी सिनेमा की भी 2026 में रिलीज होने वाली कई बड़ी परियोजनाओं के लिए मीनाक्षी पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। श्रीलीला भले इन दिनों टी सीरीज की अनाम फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ काम कर रही हों, लेकिन प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों की मानें तो उनकी शोहरत और उनकी काबिलियत में संतुलन बनता दिख नहीं रहा। श्रीलीला का नाम पहले फिल्म 'स्पिरिट' के लिए भी चला था लेकिन तृप्ति डिमरी ने वहां बाजी मार ली।




# स्क्रीन पर धमाल मचाएंगे निमृत कौर अहलूवालिया और टाइगर श्रॉफ

एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया हाल ही में फिल्म शौंकी सरदार में नजर आई थीं। इस फिल्म में दर्शकों ने उनके काम को काफी सराहा। अब वह बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ के साथ एक नए प्रोजेक्ट में काम करने जा रही हैं। एक करीबी सूत्र के मुताबिक, शौंकी सरदार की सफलता के बाद निमृत को बहुत सारे नए प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अलग स्क्रिप्ट की वजह से इस प्रोजेक्ट को चुना। उन्हें लगा कि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी जोड़ी पर्दे पर दर्शकों के लिए एक नई तरह की केमिस्ट्री लाएगी। सूत्र ने बताया कि एक्ट्रेस निमृत इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, निमृत इस समय अपने करियर को लेकर बहुत खुश और आभारी हैं। टाइगर और निमृत की जोड़ी बिल्कुल नई है, और यही इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है। इस प्रोजेक्ट में दमदार एंटरटेनमेंट और नई ताजगी दोनों का मेल है, जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगा। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी अभी सीक्रेट रखी गई है, लेकिन उम्मीद है कि मेकर्स जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो टाइगर को पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। उन्होंने एसीपी सत्या का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ अजय देवगन, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार जैसे सितारे नजर आए थे। फिलहाल, वह अपनी आने वाली फिल्म बागी 4 की तैयारी में जुटे हैं, जिसे डायरेक्टर ए. हर्षा बना रहे हैं। इस फिल्म में उनके अलावा, संजय दत्त, सोनम बाजवा और हरनाज संधू अहम किरदार में नजर आएंगे। बागी 4, 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

वहीं बात करें निमृत की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म शौंकी सरदार की, तो इसमें निमृत के अलावा, गुरु रंधावा, बब्बू मान, सुनीता धीर, हशनीन चौहान और धीरज कुमार भी अहम किरदार में नजर आए। इस फिल्म का निर्देशन धीरेज केदारनाथ रत्तन ने किया। वहीं इसे ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बटौली और हरजोत सिंह ने मिलकर प्रोड्यूस किया। फिल्म को जी स्टूडियोज और बॉस म्यूजिक रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया। शौंकी सरदार 16 मई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।





# मणि रत्नम के साथ आमिर खान कर सकते हैं काम, पहले इस फिल्म पर नहीं बन पाई थी बात

साल 2007 में आमिर खान मशहूर निर्देशक मणि रत्नम के साथ इस्मत चुगताई की कहानी घरवाली पर फिल्म बना रहे थे। फिल्म का टाइटल था लाजो। हालांकि किसी वजह से ये फिल्म नहीं बन पाई। अफवाहें फैलीं कि आमिर और मणि के बीच रचनात्मक मतभेद की वजह से यह फिल्म नहीं बन पाई। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने बताया है कि लाजो किसी और वजह से नहीं बन पाई। इससे मेरा या मणि रत्नम का का कोई लेना देना नहीं है।

## आमिर और मणि रत्नम ने लाजो

बातचीत में आमिर ने लाजो को याद करते हुए कहा मैं हमेशा से मणि का बहुत बड़ा फैन रहा हूं और लंबे समय से उनके साथ काम करना चाहता था। मैं उनसे कई बार मिला हूं, उनके घर गया हूं और हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई है। हम एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते थे और लाजो पर लगभग काम कर भी लिया लेकिन किसी तीसरी वजह से यह काम नहीं हो पाया। इससे मेरा या उनका कोई लेना देना नहीं है। मैं उनके काम का बहुत बड़ा फैन हूं। मुझे उम्मीद है कि एक दिन हम साथ काम करेंगे।

## आमिर कर रहे सितारे जमीन पर का प्रचार

आपको बता दें आमिर इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर का प्रचार कर रहे हैं। यह फिल्म तारे जमीन पर (2007) की अगली कड़ी है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से मशहूर आमिर खान तीन साल के बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। उनकी आखिरी फिल्म 2022 में लाल सिंह चड्ढा रिलीज हुई थी।

## फिल्म के बारे में

फिल्म सितारे जमीन पर में आमिर खान के अलावा जेनेलिया देशमुख, अरूश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर भी हैं। आर एस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित, यह फिल्म आमिर खान और अपर्णा पुरोहित द्वारा निर्मित है, और रवि भागचंदका निर्माता हैं। सितारे जमीन पर में एक बॉस्केटबॉल कोच की कहानी दिखाई गई है। फिल्म में आमिर खान दिव्यांग बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाते हैं। फिल्म 20 जून को रिलीज होगी।

# 'ठग लाइफ' में अपने रोल के लिए ट्रोल हुईं तृषा

कमल हासन की मच अवेटेड फिल्म 'ठग लाइफ' विवादों के बीच आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कमल हासन के कन्नड़ भाषा को लेकर दिए गए बयान के बाद फिल्म विवादों में भी घिर गई। जिसके बाद फिल्म की चर्चा और भी हो गई। फिल्म को लेकर बने बज को देखते हुए उम्मीद थी कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाएगी। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर जो रिव्यू सामने आ रहे हैं, बहुत अच्छे नहीं हैं। वहीं फिल्म की रिलीज के बाद लीड एक्ट्रेस तृषा कृष्णन नेटिजन्स के निशाने पर आ गई हैं।


## यूजर्स ने दी तृषा को रिटायर होने की सलाह

'ठग लाइफ' में तृषा कृष्णन ने 'इंद्राणी' की भूमिका निभाई है। तृषा की गिनती साउथ की बड़ी अभिनेत्रियों में होती है। ऐसे में तृषा से फैंस को अच्छे काम की उम्मीद थी। हालांकि, अब फिल्म के रिलीज होने के बाद यूजर्स तृषा को ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने तृषा को ओवर रेटेड बताते हुए उन्हें रिटायर हो जाने की सलाह दे डाली। तो वहीं एक यूजर ने तृषा से एक्टिंग न करने की अपील करते हुए लिखा कि उन्होंने इस साल कई बड़ी फिल्मों को बर्बाद कर दिया।

कुछ नेटिजंस ने तृषा को ओवर रेटेड और बर्बाद बताते हुए कहा कि उनका डाउनफाल शुरू हो गया है। यूजर ने तृषा की पिछली फिल्मों का जिक्र किया जिनमें तृषा की एक्टिंग लोगों को पसंद नहीं आई। एक यूजर ने 'ठग लाइफ' का रिव्यू करते हुए जहां कमल हासन की तारीफ की और फिल्म के संगीत और क्लाइमेक्स को सराहा। वहीं तृषा की एक्टिंग की बुराई करते हुए उनके कैरेक्टर को जबरदस्ती का बताया। वहीं एक यूजर ने तृषा से ऐसे बेकार किरदार न करने का आग्रह भी किया।

फिल्म को मिल रही मिली-जुली प्रतिक्रिया कमल हासन के कन्नड़ भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच 'ठग लाइफ' आज कर्नाटक को छोड़कर बाकी जगह रिलीज हुई है। इस फिल्म के जरिए कमल हासन और मणिरत्नम कई सालों बाद एक साथ वापस आए हैं। हालांकि, फिल्म से जैसी उम्मीदें थीं अभी तक वैसे रिव्यू सामना नहीं आ रहे हैं। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।






# धमाकेदार टीजर के साथ अल्लू अर्जुन-एटली की फिल्म का एलान, एक्शन का दम दिखाएंगी दीपिका

**अल्लू अर्जन और एटली की फिल्म का आखिर आधिकारिक एलान हो गया है। मेकर्स ने आज शनिवार को धमाकेदार टीजर जारी किया है। इसी के साथ खास अपडेट यह है कि फिल्म में दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। वे एक्शन का दम दिखाएंगी। टीजर में उन्हें तलवारबाजी और घुड़सवारी करते देखा जा सकता है।**

मेकर्स ने एटली और अल्लू अर्जुन फिल्म AA22&A6 का पोस्टर जारी किया था। आज शनिवार को टीजर जारी किया है। फिल्म को सन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। सन पिक्चर्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर वीडियो शेयर किया गया है। इसमें दीपिका पादुकोण भी नजर आ रही हैं। मेकर्स ने फिल्म में उनका स्वागत किया है। टीजर के साथ कैप्शन लिखा है, विजय पथ पर अग्रसर रानी। स्वागत है दीपिका पादुकोण।

## अल्लू अर्जुन की नहीं दिखी झलक

मेकर्स की तरफ से जारी टीजर में अल्लू अर्जुन की झलक नहीं नजर आ रही है। सिर्फ दीपिका और एटली को ही देखा जा सकता है। दोनों बातचीत कर रहे हैं और एटली अभिनेत्री को तलवारबाजी के बारे में समझा रहे हैं। टीजर में दीपिका जिस अंदाज में नजर आई हैं, उससे साफ है कि फिल्म में वे मजबूत भूमिका निभाने वाली हैं। उनके एक्शन का दम भी दर्शकों को देखने को मिलेगा। अल्लू अर्जुन की एटली के साथ यह पहली फिल्म है। मगर, दीपिका ने फिल्म जवान में निर्देशक के साथ काम किया है। ऐसे वक्त में जब स्पिरिट फिल्म से दीपिका बाहर हो चुकी हैं, तब इस बड़ी फिल्म में उनकी एंट्री की खबर फैंस के लिए भी खुशखबरी से कम नहीं।

टीजर पर यूजर्स की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। दीपिका पादुकोण की एंट्री पर उत्साह है। यूजर्स लिख रहे हैं, क्वीन इज बैक। एक यूजर ने लिखा, जबर्दस्त फिल्म आ रही है। अल्लू अर्जुन और एटली की आने वाली यह फिल्म एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म बताई जा रही है, जो एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्म होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in